हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



फसल को हुआ था भारी नुकसान



खरीफ 2026 में प्रदेशभर से 2.50 लाख से अधिक सूचनाएं, 1.12 लाख निरस्त और 1.38 लाख स्वीकार

अर्नब के बाद अब किसानों के दिल में तूफान, बरबाद फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए भेजी 1 लाख 12 हजार अर्जियां रद्द



अर्नब तूफान के चलते बेमौसम बारिश और प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान झेल रहे किसानों के सामने अब फसल बीमा का दावा भी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। खरीफ वर्ष 2026 में फसल क्षति की सूचना देने वाले प्रदेश के करीब 44.38 प्रतिशत किसानों के आवेदन बीमा कंपनियों ने निरस्त कर दिए हैं।

सचिन अग्रहरि रायपुर- राजनांदगांव

बीमा कवरेज में नहीं आने का हवाला देकर बीमा कंपनियों द्वारा लगातार रिजेक्ट किए जा रहे आवेदनो से किसानों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। उल्लेखनीय है कि अर्नब तूफान के कारण पिछले 28 से 30 अक्टूबर तक राज्य में तेज आंधी और बारिश से किसानों की फसल बर्बाद हो गयी है। हालात यह हैं कि कई जिलों में करीब 40 फीसदी फसल के खराब होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं। इस बीच किसानों ने बीमा कंपनियों के ▶▶|शेष पेज 4 पर

हरिभूमि खास

कबीरधाम में सबसे ज्यादा सर्वे लंबित

जिलेवार आंकड़ों में कबीरधाम की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। यहां 83 हजार 329 किसानों ने फसल क्षति की सूचना दी है। इनमें 55 हजार 232 सूचनाएं स्वीकार और 28 हजार 28 निरस्त की गई हैं। जिले में 49 हजार 760 प्रकरणों का सर्वेक्षण लंबित है। वहीं बालोद में 3,356, दुर्ग में 2,167 और धमतरी में 2,189 प्रकरणों का सर्वेक्षण बाकी है।

क्षतिपूर्ति का इंतजार

फसल नुकसान की सूचना देने के बाद बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त होने और हजारों प्रकरणों का सर्वेक्षण लंबित रहने से किसानों की चिंता बढ़ी है। किसानों के लिए अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आवेदन निरस्त करने का आधार क्या रहा और वास्तविक नुकसान झेलने वाले किसानों को राहत कैसे मिलेगी।

लगातार रिजेक्ट कर रहे आवेदन

बीमा कंपनियों द्वारा चार कारण दर्शाकर आवेदनों को लगातार रिजेक्ट किया जा रहा है। बीमा कंपनियों ने रिजेक्ट करने के पीछे यह कहा है कि जिस फसल में नुकसान बताया गया, वह बीमा कवरेज में नहीं है। वहीं एक ही फसल क्षति के लिए दोबारा सूचना देना, निर्धारित 72 घंटे की समय सीमा के बाद सूचना देना तथा किसान का आवेदन, खसरा या फसल पीएमएफबीवाय में पंजीकृत नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है। अकेले राजनांदगांव जिले की बात करे तो यहां फसल क्षति के 10 हजार 168 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 8 हजार 939 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया है।

खबर संक्षेप

एनवीडिया के पूर्व सीईओ पर तीसरे अफेयर का आरोप



कैलिफोर्निया। एआई चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेन्सन हुआंग के तीसरे अफेयर की जानकारी मिली है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हुआंग का चीनी जासूस, कंपनी की अधिकारी किम्बर्ली के अलावा एक और महिला कर्मचारी के साथ रिश्ता था। रॉयटर्स ने मामले से जुड़े 2 लोगों के हवाले से यह जानकारी दी, लेकिन महिला की पहचान जाहिर नहीं की। नवीडिया ने भी इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

शेयर बाजारः 2 लाख करोड़ रुपए हुए स्वाहा

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार गिरावट का माहौल बना। ग्लोबल मार्केट से मिले मिले-जुले संकेतों, कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल और अक्टूबर की खुदरा महंगाई दर के 6 प्रतिशत के स्तर को पार कर जाने के कारण बाजार पर चौतरफा दबाव दिखा। सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों प्रमुख सूचकांकों ने अपनी पिछले तीन दिनों की तेजी पर ब्रेक लगा दिया। इस गिरावट के कारण बीएसई मार्केट में भारी गिरावट आई है, जो 2.25 लाख करोड़ कम होकर 510 लाख करोड़ पर आ चुका है।

सेवा समाज के प्रति एक जिम्मेदारी : भागवत



नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि करुणा और संवेदनशीलता ही मानवता और समाज की बुनियाद हैं तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को बिना किसी अपेक्षा के दूसरों की सेवा करनी चाहिए। भागवत ने डॉ. संजय पैठणकर को 'विदर्भ गौरव' पुरस्कार प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में कहा, 'सेवा कोई पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। हम केवल अपनी आजीविका कमाने के लिए काम नहीं करते हैं।

मौसमी चटर्जी के पति जयंत मुखर्जी का निधन

मुंबई। दिग्गज अभिनेत्री मौसमी चटर्जी के पति और फिल्म निर्माता-संगीतकार जयंत मुखर्जी का गुरुवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्लूआईसीई) के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने आईएएनएस से बातचीत में उनके निधन की पुष्टि की है। जयंत मुखर्जी के जाने से मौसमी चटर्जी के परिवार के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री में भी शोक का माहौल है। जयंत मुखर्जी और मौसमी चटर्जी का रिश्ता करीब 56 साल पुराना था। दोनों ने उस उम्र में शादी की थी, जब मौसमी महज 15 साल की थीं।

पीएमएलए कोर्ट से रिमांड मंजूर होने के बाद सौरभ चंद्राकर को ईडी ने अपने कब्जे में लिया

सीबीआई के बाद महादेव सट्टे के खिलाड़ी सौरभ पर अब ईडी का फंदा, होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई के बाद ईडी ने महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को अपने कब्जे में लिया है। प्रोटेक्शन वारंट पर लेने के बाद ईडी ने उसे शुक्रवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश कर रिमांड के लिए आवेदन दिया। दोनों पक्षों का बयान सुनने के बाद पीएमएलए कोर्ट ने सौरभ चंद्राकर की सात दिनों की पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। आरोपी से पूछताछ करने के बाद सीबीआई ने सौरभ को आठ दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया था। इसके बाद ईडी ने उसी दिन आरोपी को प्रोटेक्शन वांरट तथा रिमांड पर लेने आवेदन पेश किया था।

ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) की धारा 19 के तहत महादेव ऑनलाइन बुक अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट के सह-मालिक और प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में 19 नवंबर को पेश किया जाएगा। वह इस सिंडिकेट का पहला प्रमोटर है जिसे भारत वापस लाया गया है। मामले के तथ्यों के अनुसार, सौरभ चंद्राकर और एक अन्य सह-प्रमोटर रवि उप्पल दुबई स्थित हेड ऑफिस से भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में सट्टेबाजी पैनलों की फ्रेंचाइजी के माध्यम से महादेव ऑनलाइन बुक (विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइटें) का संचालन करते थे। खिलाड़ियों का पैसा अन्य लोगों के नाम पर रखे गए बैंक खातों के माध्यम से जाता था और हवाला के जरिए भारत से बाहर भेजा जाता था।

हरिभूमि लगातार



तीन वर्ष पूर्व गैर जमानती वारंट

सौरभ चंद्राकर ने सितंबर 2023 में ईडी द्वारा जारी किए गए समन का जवाब नहीं दिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की जांच से बचता रहा। ईडी के आवेदन पर विशेष अदालत ने चार सितंबर .2023 को उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था और इसके तुरंत बाद ईडी के अनुरोध पर इंटरपोल ने भी उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी किया था। वारंट के खिलाफ उसकी चुनौती को बिलासपुर हाईकोर्ट ने 22 मार्च 2025 को खारिज कर दिया था।

190 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई

इस मामले में ईडी ने अब तक लगभग 190 ठिकानों पर तलाशी ली है, साथ ही दो हजार करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त या फ्रीज की है और लगभग 35 सौ करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क (अटैच) की है, जिसमें से लगभग 18 सौ करोड़ रुपए की संपत्ति विदेश में है, जिसमें दुबई की 22 अचल संपत्तियां शामिल हैं। एजेंसी ने 116 आरोपियों के खिलाफ छह अभियोजन शिकायतें (चार्जशीट) दायर की हैं। सौरभ चंद्राकर इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया पंद्रहवां व्यक्ति है।

दुबई में 236 करोड़ की प्रतिभूति फ्रीज

ईडी ने पैनल ऑपरेटरों से लेकर दुबई स्थित मुख्यालय और वहां से हवाला कारोबारियों तथा शेयर बाजार के निवेशकों तक पैसों के लेन-देन का पता लगाया। एजेंसी ने सितंबर 2023 में दुबई की कंपनियों के पास मौजूद लगभग 236 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियां (सिक्योरिटीज) फ्रीज की थीं। जुलाई 2026 में ईडी ने विकास गर्ग को गिरफ्तार किया, जिसकी कंपनियों को सट्टेबाजी की कमाई से लगभग 940 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे, जिनमें से लगभग 766 करोड़ रुपए अमेरिकी कंपनी एबिक्स इंक के अधिग्रहण में लगाए गए थे। ईडी ने इस कड़ी में लगभग 941 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। ईडी की हिरासत में सौरभ चंद्राकर का सामना उसके सहयोगियों के बयानों, डिजिटल डेटा, उसकी विदेशी संस्थाओं से संबंधित दस्तावेजों और मनी लांड्रिंग के अपराध के सबूतों से कराया जाएगा।

देवभोग का दूध अब 61 रुपए लीटर, 6 माह में दूसरी बार बढ़ी कीमत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

6 माह के अंतराल में देवभोग ने दूसरी बार दूध की कीमतों में वृद्धि की है। इसके पूर्व 29 मई को दूध की कीमतें बढ़ाई गई थीं। नई दरों के मुताबिक अब ग्राहकों को प्रति लीटर 2 रुपए अधिक चुकाने होंगे। अब तक प्रति लीटर 59 रुपए के हिसाब से देवभोग दूध का विक्रय होता था, लेकिन अब 61 रुपए प्रति लीटर की दर से ग्राहकों को भुगतान करना होगा। आधा लीटर दूध के लिए 31 रुपए चुकाने होंगे। 13 नवंबर से बढ़ी हुई दरें लागू कर दी गई हैं। दुग्ध संघ के अनुसार, बाजार की वर्तमान स्थिति तथा उत्पादन लागत में वृद्धि को देखते हुए यह फैसला किया गया है। 29 मई से पहले देवभोग दूध की कीमत 57 रुपए प्रति लीटर थी, जिसे बढ़ाकर 59 रुपए प्रति किलो किया गया। उस वक्त भी उत्पादन लागत में वृद्धि का हवाला दिया गया था। इस तरह से 2026 में अब तक देवभोग दूध के दाम 4 रुपए प्रति लीटर बढ़ चुके हैं।

एक दिन पहले अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाए थे दाम

देवभोग द्वारा दाम बढ़ाए जाने के ठीक एक दिन पहले अमूल व मदर डेयरी ने भी अपनी कीमतें बढ़ा दी थी। इनकी बढ़ी हुई दरें 12 नवंबर से लागू हो गई हैं। पहले अमूल दूध की बिक्री 60 रुपए लीटर के दर से होती रही है, अब इसके लिए 62 रुपए चुकाने पढ़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त अमूल ने अपने प्रमुख दूध उत्पादों की कीमतों में भी करीब 4 से 5% तक बढ़ोतरी की है। 6 फीसदी फैट वाले अमूल गोल्ड के दाम में 4 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। वहीं मदर डेयरी के फुल क्रीम दूध के एक लीटर पैकेट के लिए अब 76 रुपए देने होंगे, जबकि पहले इसकी कीमत 72 रुपए थी। वहीं, टोंड दूध का एक लीटर पैकेट अब 62 रुपए में मिलेगा। गाय के दूध के लिए ग्राहकों को 3 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे।

शराब सिंडिकेट का फाइनेंशियल मैनेजर विकास दुबई में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित शराब घोटाला प्रकरण में लंबे अरसे से फरार चल रहे विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू को दुबई पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपी सिंडिकेट का फाइनेंशियल मैनेजर होने के साथ ही शराब घोटाला के किंग पिन अनवर ढेबर का करीबी साथी था। उसके द्वारा अवैध कमाई इकट्ठा करने और उसे आगे पहुंचाने में उसकी भूमिका बताई गई है।

- अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में गिरफ्तारी की बात सामने आ रही है

गिरफ्तार आरोपी शराब सिंडिकेट का कैश मैनेजर था। वो घोटाले से प्राप्त आय का हिसाब अपने पास रखता था। ईडी की टीम द्वारा विकास अग्रवाल के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज किए जाने की जानकारी निकलकर सामने आई है। आरोपी के प्रत्यर्पण के बाद पूछताछ में हवाला नेटवर्क और विदेश में बनाई गई संपत्तियों का पता चल सकता है। उल्लेखनीय है कि विकास अग्रवाल का नाम शराब घोटाला में पहले सामने आया था। आरोप है कि अनवर ढेबर के कहने पर सुब्बू काम करता था। जो जानकारी निकलकर सामने आई है उसके मुताबिक विकास अग्रवाल को दुबई पुलिस ने अक्टूबर के तीसरे ▶▶|शेष पेज 4 पर

जांच शुरू होने के साथ फरार हो गया था

शराब घोटाले की जांच शुरू होने के साथ ही विकास अग्रवाल को अपनी गिरफ्तारी का भय सताने लगा था। उसने बचने के लिए जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकी और दुबई फरार हो गया था। उसके खिलाफ ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में कार्रवाई की थी। इसके तहत उससे जुड़ी 30 करोड़ रुपए की संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की गई हैं। विकास की दुबई में गिरफ्तारी के बाद उसे भारत लाना अहम होगा। इसके लिए संबंधित एजेंसियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। भारत आने के बाद उससे विस्तार से पूछताछ हो सकती है। इससे सिंडिकेट के दूसरे सदस्यों की भूमिका भी स्पष्ट हो सकती है।

हवाला के माध्यम से विदेश में मनी ट्रांसफर

फाइनेंशियल मैनेजर पर घोटाले की रकम को छिपाने के लिए हवाला नेटवर्क के माध्यम से विदेश भेजने का आरोप है। जांच में हवाला और आंगड़िया कारोबारियों के इस्तेमाल की बात सामने आई है। हवाला के माध्यम से जो रकम विदेश भेजी गई, उसमें दुबई में खपाए जाने की जानकारी जांच एजेंसियों को मिली थी। आरोपी के प्रत्यर्पित होने के बाद वहां संपत्तियों और कारोबार में निवेश की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं।

23 को रायगढ़ में जिला संवाद, होगी मुद्दों पर बात

रायपुर। हरिभूमि-आईएनएच के बहुचर्चित जिला संवाद कार्यक्रम इस बार रायगढ़ में होगा। 23 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला संवाद में हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी अतिथियों से विकास के मुद्दे पर सवाल जवाब करेंगे। वित्तमंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि होंगे।





गौरतलब है, हरिभूमि-आईएनएच जिलों के साथ प्रदेश के समग्र विकास को लेकर लगातार संवाद कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इस बार रायगढ़ जिले में कार्यक्रम तय हुआ है। दोपहर 3 बजे कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके साथ ही अतिथियों से संवाद का सिलसिला शुरू हो जाएगा। ▶▶|शेष पेज 4 पर

सीजीपीएससी की संशोधित चयन सूची अब तीन महीने ही रहेगी वैध, अवधि बढ़ाने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने भर्ती प्रक्रिया में संशोधित चयन सूची और अनुपूरक सूची की वैधता को लेकर महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब ऐसी सूची जारी होने के बाद उसकी प्रभावशीलता अधिकतम तीन महीने तक ही रहेगी। तीन महीने की अवधि पूरी होने के बाद किसी भी परिस्थिति में इसकी वैधता नहीं बढ़ाई जा सकेगी। आयोग ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

खास खबर

भर्ती प्रक्रिया में संशोधन, अनुपूरक सूची की समय सीमा भी निर्धारित



नई चयन सूची जारी होने पर पुरानी सूची की वैधता समाप्त

नए नियम के अनुसार, रिक्त पदों पर चयन के दौरान संशोधित चयन सूची अथवा अनुपूरक सूची जारी होने की स्थिति में उसकी वैधता तीन महीने अथवा उसी पद के लिए नई चयन सूची जारी होने की तारीख तक रहेगी। दोनों में जो तारीख पहले आएगी, उसी दिन संशोधित सूची की प्रभावशीलता समाप्त हो जाएगी।

न्यायालय के आदेश पर भी तीन महीने की सीमा

आयोग ने न्यायालय के आदेश के पालन में चयन सूची में संशोधन की स्थिति को भी स्पष्ट किया है। यदि पहले जारी चयन सूची के स्थान पर संशोधित चयन सूची जारी की जाती है और कोई पद रिक्त नहीं छोड़ा जाता, तब भी संशोधित चयन सूची अथवा अनुपूरक सूची की वैधता तीन महीने ही रहेगी। नियम में स्पष्ट किया गया है कि तीन महीने की अवधि पूरी होने के बाद किसी भी परिस्थिति में संशोधित चयन सूची अथवा अनुपूरक सूची की वैधता नहीं बढ़ाई जाएगी। यह संशोधन चयन सूची के प्रभावी रहने की अवधि को निर्धारित करता है।

पुलिस, बैंक-एयरलाइन पर असर, अरबों का नुकसान

माइक्रोसॉफ्ट में खराबी, भारत सहित 74 देशों में कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के सिस्टम में आई तकनीकी खराबी ने कुछ ऐसा ही संकट खड़ा कर दिया। भारत समेत दुनिया के 74 देशों में सरकारी संस्थानों, बैंकों, अस्पतालों, स्कूलों और एयरलाइंस का कामकाज प्रभावित हुआ।माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक, समस्या की वजह एक गलत सॉफ्टवेयर अपडेट है। कंपनी इसे ठीक करने में जुटी है, लेकिन शुरुआती कोशिशें उम्मीद के मुताबिक सफल नहीं हुईं। माइक्रोसॉफ्ट ने इस गड़बड़ी के पीछे गलत तरीके से हुए सॉफ्टवेयर अपडेट को वजह बताया। कंपनी के अनुसार, यह साइबर अटैक या हैकिंग का मामला नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट ने समस्या को ठीक करने ▶▶|शेष पेज 4 पर

माइक्रोसॉफ्ट के दुनियाभर में हैं 43 करोड़ से ज्यादा यूजर्स

साइबर अटैक वाली थ्योरी भी वायरल

आउटेज के दौरान सोशल मीडिया पर भी साइबर हमले की आशंका जताई जाने लगी। सवाल यह था कि आखिर माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनी की इतनी सारी सर्विसेज एक साथ कैसे ठप हो सकती हैं? क्या किसी हैकर ने कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया या फिर माइक्रोसॉफ्ट के अपने सर्वर और नेटवर्क में कोई बड़ी गड़बड़ी हुई? सोशल मीडिया साइबर अटैक वाली थ्योरी वायरल है। कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि एआई के पावरफुल मॉडल्स यूज करके साइबर अटैक किया गया है।



अन्य देशों में ये सेवाएं हुईं प्रभावित

भारत के बाहर भी स्थिति गंभीर रही। हॉन्गकॉन्ग में बैंकिंग सेवाएं, ऑस्ट्रेलिया में पुलिस और खुफिया एजेंसियों का कामकाज प्रभावित हुआ। जापान में सरकारी सिस्टम और फिलीपींस में अदालतों के काम पर असर पड़ा।

भारत में यह असर

भारत में सबसे ज्यादा चर्चा हवाई सेवाओं पर पड़े असर की रही। शुक्रवार सुबह स्पाइसजेट ने दिल्ली-पुणे, दिल्ली-लेह और दिल्ली-मुंबई की तीन फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। वहीं, दरभंगा और मुंबई जाने वाली दो अन्य उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली एयरपोर्ट के अलावा इंडिगो और अकासा एयरलाइंस ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों को एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की सलाह दी।

पटरी पर लौटने लगीं सर्विसेज

दुनियाभर में करीब 20 घंटे तक चले भारी तकनीकी खराबी के बाद माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ताजा अपडेट देते हुए कहा कि उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में आउटलुक समेत अन्य सर्विस ठीक होती दिख रही हैं और यूजर्स को ईमेल मिलने शुरू हो गए। हालांकि, साथ ही कंपनी ने यह भी कहा कि अभी सर्विस पूरी तरह से शुरू नहीं हो पाई है, थोड़ा समय लगेगा।

माणा गांव की बेटियां कंबल बनाकर निभाती हैं सदियों पुरानी परंपरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहाड़ों पर बर्फ पड़ रही हैं। तापमान शून्य से नीचे चला गया है। बद्रीनाथ धाम के कपाट सोमवार 16 नवंबर को बंद होने वाले हैं। ऐसे में भगवान बद्रीविशाल को ठंड से बचाने के लिए एक खास घृत कंबल तैयार किया जाता है। इसे कोई मशीन नहीं बनाती, न ही इसे बाजार से खरीदा जाता है। इसे तैयार करती हैं उत्तराखंड के सीमांत गांव माणा की महिलाएं और बेटियां। इस कंबल की खासियत है कि इसे भगवान को ओढ़ाने से पहले शुद्ध घी और केसर से लेपित किया जाता है। मान्यता यह भी कहती है कि जब छह महीने बाद कंबल उतारा जाता है, तो उस पर लगा घी अगर ताजा और नम मिले, तो इसे अच्छी बारिश, खुशहाली और समृद्धि का संकेत माना जाता है।

भगवान बद्रीविशाल को ठंड में ओढ़ाया जाने वाला घृत कंबल पहुंचा मंदिर

बद्रीनाथ मंदिर के कपाट 16 नवंबर को रात 9.37 बजे बंद किए जाएंगे

माणा गांव की महिलाएं बनाती हैं घृत कंबल

इसे घृत कंबल कहा जाता है। बद्रीनाथ धाम से जुड़ी यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि जैसे एक मां सर्दी में अपने बच्चे को गर्म रखने के लिए उसकी चिंता करती है, वैसे ही भक्त भगवान बद्रीविशाल को ठंड से बचाने के भाव से यह कंबल अर्पित करते हैं। इस साल भी माणा गांव के मोल्फा परिवार ने एकादशी पर घृत कंबल और पहाड़ी गाय का शुद्ध देसी घी भगवान बदरीविशाल को अर्पित किया है।

माणा गांव निभा रहा सदियो पुरानी परंपरा

स्थानीय मान्यता के अनुसार, भगवान बद्रीनाथ के लिए घृत कंबल तैयार करने की परंपरा आदि गुरु शंकराचार्य के समय से जुड़ी हुई है। माणा गांव के पूर्व प्रधान पीतांबर मोल्फा बताते हैं कि उनके गांव के लोगों को पीढ़ियों से भगवान बद्रीनाथ के लिए यह कंबल तैयार कर भेंट करने का विशेष दायित्व मिला हुआ है। यानी यह सिर्फ एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि एक ऐसी विरासत है जिसे एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को सौंपती आ रही है।

एक दिन का व्रत, फिर तैयार होता है घृत कंबल

घृत कंबल तैयार करने की परंपरा अपने आप में खास है। कार्तिक महीने में शुभ दिन पर माणा गांव की सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं व्रत रखती हैं। इसके बाद वे मिलकर एक ही दिन में यह कंबल तैयार करती हैं। इस साल मोल्फा परिवार ने इसे भगवान बद्रीविशाल को अर्पित किया।



भगवान को कंबल ओढ़ाकर बंद हो जाते हैं कपाट

बद्रीनाथ धाम के कपाट जब शीतकाल के लिए बंद किए जाते हैं, तब घृत कंबल की परंपरा का सबसे अहम हिस्सा पूरा होता है। मंदिर के मुख्य पुजारी यानी रावल इस कंबल पर शुद्ध घी और केसर का लेप लगाते हैं। इसके बाद कंबल से भगवान बद्रीविशाल के विग्रह को ढक दिया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि अगले छह महीने तक भगवान इसी कंबल में विराजमान रहते हैं।

कंबल के छोटे-छोटे टुकड़े बांटे जाते हैं

जब गर्मियों में बद्रीनाथ धाम के कपाट फिर से खोले जाते हैं, उस समय भगवान बद्रीविशाल के विग्रह से घृत कंबल उतारा जाता है। इसके बाद कंबल के छोटे-छोटे टुकड़े श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में बांटे जाते हैं। माणा गांव उत्तराखंड के चमोली जिले में भारत-चीन सीमा के पास स्थित है। इसे देश के प्रथम गांव के रूप में भी जाना जाता है।

बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने का समय

बद्रीनाथ मंदिर के कपाट 16 नवंबर 2026 को रात 9 बजकर 37 मिनट पर बंद किए जाएंगे। बद्रीनाथ धाम में भगवान विष्णु की बद्री नारायण स्वरूप में पूजा होती है। कपाट बंद होने से पहले मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। शीतकाल के दौरान भगवान बद्री विशाल की पूजा से जुड़ी परंपराएं जोशीमठ के नृसिंह मंदिर और पांडुकेश्वर के योगध्यान बद्री मंदिर में निभाई जाती हैं।

खबर संक्षेप

अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के



बाद भी भारत में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है और उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान मोहम्मद रियाद हुसैन (28), आसिफ मिया (42), मोहम्मद शाबान इस्लाम (18) और मोहम्मद फारूकी हुसैन (41) के रूप में हुई है। चारों बांग्लादेश के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, पूछताछ में पता चला कि चारों यूनान का वीजा हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।

रेप के आरोप में कांग्रेस विधायक पर मामला दर्ज

रांची। झारखंड में सरकारी आवास पर घरेलू सहायिका के तौर पर



काम करने वाली 15 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में कांग्रेस के विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। सिमडेगा जिले की रहने वाली लड़की ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि बाड़ा ने पांच अगस्त को अपने आवास पर उसके साथ दुष्कर्म किया, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि बाद में चिकित्सकीय जांच के दौरान उसे पता चला कि उसका गर्भपात हो गया।

8 पिस्तौल व 28 कारतूस सहित तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की उत्तरी रेंज में संगठित अपराध और अवैध हथियारों की आपूर्ति के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रोहिणी और बाहरी उत्तरी जिले की पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में तीन लोगों से आठ पिस्तौल, 28 कारतूस और 11 लाख रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि बेगमपुर में एसयूवी कार सवार जोगिंदर उर्फ जॉक, जॉनी उर्फ अक्षय, तथा अंकुर चौहान को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 8 अत्याधुनिक पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 28 कारतूस और 11 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा की आग, उग्रवादियों के हमले से दहला इलाका

उग्रवादियों ने दो वाहनों में गोलीबारी कर मां-बेटे, भाई-बहन को उतारा मौत के घाट

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य में एक बार फिर गोलीबारी की बड़ी घटना सामने आई है।शुक्रवार को इंफाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन इलाके में दो अलग-अलग गाड़ियों को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक मां-बेटे और दो भाई-बहन शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है।

एजेंसी ▶▶| इंफाल

इस हमले ने एक बार फिर मणिपुर में सुरक्षा व्यवस्था और लगातार जारी हिंसा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को चार लोग दो अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर इंफाल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान न्यू हेवन इलाके में उन पर हमला किया गया। हमलावरों ने दोनों गाड़ियों को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाईं। इस अचानक हुई गोलीबारी में चारों लोगों की जान चली गई। घटना की जानकारी सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

मणिपुर में हिंसा को लेकर बढ़ी चिंता

हत्याओं पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस विधायक दल के नेता के मेघचंद्र ने केंद्र और राज्य सरकारों पर सवाल उठाए, और लगातार हो रही हिंसा और लोगों की तकलीफ पर चिंता जताई। हमले के हालात और हमलावरों की पहचान के बारे में और जानकारी का इंतजार है।



हमलों ने बढ़ाई सुरक्षा बलों की चिंता

जब हमला हुआ, तब पीड़ित दो गाड़ियों में सवार थे. बताया जा रहा है कि उनमें से दो मारुति स्विफ्ट में सवार थे, जबकि बाकी दो बोलेरो में थे, जब उन पर हमला हुआ। इस घटना ने एक बार फिर मणिपुर में मौजूदा सुरक्षा हालात को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इंफाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन में हुए हमले ने एक बार फिर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कल भी मणिपुर के एक जिले में गोलीबारी हुई थी

इससे पहले 12 नवंबर को कांगपोकपी जिले के ताफोउ कुकी गांव और सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास भी गोलीबारी हुई थी। इस घटना में 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि दो पुरुष घायल हुए थे। इससे नेशनल हाईवे-2 पर दहशत फैल गई थी।

हिंसा में अबतक 300 से अधिक लोगों की मौत

मणिपुर में, मई 2023 में घाटी में रहने वाले मेइतेई और पहाड़ी कुकी समुदायों के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में कम से कम 306 लोगों की जान चली गई, जबकि 49 लोग लापता हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नागाओं के बीच झड़पों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं।

मणिपुर में 3 साल में 70 हजार लोग विस्थापित

मणिपुर में 3 मई 2023 को मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसके बाद राज्य में बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ और हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। ह्यूमन राइट्स वॉच के सितंबर 2026 के आकलन के मुताबिक, इस हिंसा में 260 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 70 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए।

केंद्र सरकार का फैसला

जाकिर नाइक के आईआरएफ पर 5 साल और बढ़ा प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विवादित उपदेशक डॉ जाकिर अब्दुल करीम नाइक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन को शुक्रवार को अगले 5 साल के लिए गैर-कानूनी संगठन घोषित कर दिया। सरकार ने आईआरएफ की गतिविधियों को देश की सुरक्षा के लिए नुकसानदायक बताया और इससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना जताई है। गृह मंत्रालय ने फाउंडेशन पर पहले भी प्रतिबंध लगाया था। उसने मौजूदा प्रतिबंध खत्म होने से एक दिन पहले नई अधिसूचना जारी की है।



मंत्रालय ने क्या कहा?

अधिसूचना के मुताबिक, आईआरएफ को पहली बार 17 नवंबर, 2016 को गैर-कानूनी संगठन घोषित किया गया था और बाद में 15 नवंबर, 2021 को रोक बढ़ा दी गई थी। गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) एक्ट, 1967 के सेक्शन 6 के सब-सेक्शन (1) के तहत, रोक की अवधि 14 नवंबर को खत्म होनी थी। अधिसूचना में नाइक पर धर्म के आधार पर अलग-अलग धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और युवाओं को आतंकवादी काम के लिए उकसाने का आरोप है।

जाकिर नाइक कौन है?

जाकिर नाइक कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक है। उनका जन्म मुंबई में हुआ था और उन्होंने एमबीबीएस की डिग्री भी शामिल है। नाइक 2000 के बाद सामाजिक-धार्मिक कामों में शामिल हो गए और आईआरएफ की स्थापना की। उनके भाषण पीस टीवी चैनल पर दिखाए जाते हैं, जो भारत, कनाडा, ब्रिटेन और बांग्लादेश में प्रतिबंधित हैं। वर्ष 2016 में नफरत फैलाने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के बीच वह भारत छोड़कर भाग गए। उन्होंने हमेशा खुद को निर्दोष बताया है।

पाकिस्तान के मिलिट्री कैंप पर घुसा बारूद भरा ट्रक, 18 जवानों की मौत

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना के एक कैंप पर फिदायीन हमले का मामला सामने आया है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने 12 नवंबर की रात को मस्तुंग के कंदावा/कानक इलाके में पाकिस्तानी सैन्य कैंप पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने दावा किया है कि इस हमले में पाकिस्तानी सेना के 18 से ज्यादा जवान मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, हताहतों की संख्या की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

बीएलए ने ली फिदायीन हमले की जवाबदारी



फतेह स्क्वॉड के लड़ाकों ने बनाया निशाना

बीएलए के बयान के मुताबिक, उसकी मजीद ब्रिगेड ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी के जरिए आत्मघाती हमला किया। संगठन का दावा है कि इस धमाके में सैन्य कैंप और आसपास की सुरक्षा चौकियां तबाह हो गईं। इसके बाद उसके फतेह स्क्वॉड के लड़ाके कैंप के अंदर दाखिल हुए और धमाके में बच गए सैन्यकर्मियों को निशाना बनाया। संगठन ने पास की एक अन्य सुरक्षा चौकी पर भी हमला करने का दावा किया है।

कौन था आत्मघाती हमलावर?

बीएलए ने आत्मघाती हमलावर की पहचान मस्तुंग के खदकोचा निवासी उसामा शाहवानी उर्फ वदूद के रूप में की है। संगठन के मुताबिक, वह 2022 में इसमें शामिल हुआ था और 2024 में मजीद ब्रिगेड का हिस्सा बन गया। बीएलए ने दावा किया कि शाहवानी ने कलात, नागाहो और शूर परोद में कई अभियानों में हिस्सा लिया था। संगठन के मुताबिक, नुश्की में उसके कथित ऑपरेशन हेरोफ-2 के दौरान वह तीन दिन तक लड़ाई में शामिल रहा था।

पैतृक जमीन बेचने को लेकर विवाद तीन की मौत

हाजीपुर। बिहार के वैशाली जिले में पैतृक जमीन बेचने को लेकर हुए घरेलू विवाद के बाद कथित तौर पर जहर खाने से एक महिला, उसके 12 वर्षीय बेटे और सास की मौत हो गई जबकि महिला की 15 वर्षीय बेटी का अस्पताल में इलाज जारी है। यह घटना बृहस्पतिवार रात गोरौल थाना क्षेत्र के प्रेमराज गांव में हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सीमा देवी (35), उनके बेटे मुन्ना कुमार (12) और सास निर्मला देवी (55) के रूप में हुई है। गोरौल थाना प्रभारी सुनील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग लड़की को अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की आशंका, मछुआरों को चेतावनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि अंडमान सागर के पास बना कम दबाव का क्षेत्र और मजबूत हो रहा है, जिससे 16 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान आने की संभावना है। इसे देखते हुए ओडिशा प्रशासन ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया है और सभी जिलों को संभावित भारी बारिश और खराब मौसम के लिए तैयार रहने की सलाह दी है।

तमिलनाडु या आंध्रप्रदेश की ओर बढ़ सकता है तूफान



मछुआरों को किनारे पर रहने की हिदायत

राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी की अगुवाई में टीम लगातार बैठकें कर रही है और तूफान के असर से निपटने के लिए सुरक्षा योजनाएं बना रही है। आईएमडी के अनुसार, 18 और 19 नवंबर के बीच केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जैसे इलाकों में भारी बारिश और आंधी-तूफान की आशंका है। इसके साथ ही, 17 नवंबर को दक्षिणी ओडिशा तट पर और समुद्र में 45 से 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी, जिनकी गति 65 किमी प्रति घंटा तक भी पहुंच सकती है। मछुआरों को साफ हिदायत दी गई है कि वे समुद्र में न जाएं और मौसम सामान्य होने तक किनारे पर ही रहें।

एनपीपीए ने जारी किए निर्देश

कैंसर की सस्ती दवाओं की कीमत अस्पतालों व मेडिकल स्टोर पर लिखना होगा अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। कैंसर मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने 137 दवाओं की संशोधित कीमतों को लागू कराने के लिए निगरानी सख्त कर दी है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने दवा कंपनियों, वितरकों, मेडिकल स्टोर और अस्पतालों को नए अधिकतम खुदरा मूल्य का पालन करने का निर्देश दिया है। इन दवाओं की संशोधित कीमतें 9 नवंबर से लागू हो चुकी हैं।

औषधि विभाग ने कहा कि इन दवाओं पर ट्रेड मार्जिन रेशनलाइजेशन व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत दवाओं की बिक्री पर कारोबारियों और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े अन्य पक्षों का ट्रेड मार्जिन 30 फीसदी तक सीमित किया गया है। राज्यों के औषधि नियंत्रकों को भी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें दवा कंपनियों, वितरकों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों में यह सुनिश्चित करना होगा कि कीमतों में कटौती का लाभ मरीजों तक पहुंचे।



96.45 फीसदी तक घटे दाम

सरकार के अनुसार, कुछ दवाओं की कीमतों में अधिकतम 96.45 फीसदी तक की कटौती दर्ज की गई है। 650 से अधिक दवा फॉर्मूलेशन के अधिकतम खुदरा मूल्य में 50 फीसदी से ज्यादा कमी हुई है। सबसे अधिक संख्या में दवाओं की कीमतें 50 से 75 फीसदी के बीच घटी हैं।

दुकानों और अस्पतालों में नई कीमतें दिखाना अनिवार्य

एनपीपीए के मुताबिक, 11 नवंबर 2026 तक दवा कंपनियों से मिली जानकारी के आधार पर संशोधित कीमतों की सूची तैयार की गई है। यह सूची एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा सही दाम' एप तथा पोर्टल पर उपलब्ध है। सभी दवा निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं, डीलरों, स्टॉकिस्टों, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को संशोधित कीमतों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें अपने परिसर और वेबसाइट पर नई कीमतों की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करनी होगी।

ज्यादा कीमत वसूलने पर होगी कार्रवाई

एनपीपीए ने स्पष्ट किया है कि तय कीमत से अधिक रकम वसूलने पर ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर, 2013 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। दवाओं की ज्यादा कीमत वसूलने, उनकी कमी या उपलब्ध नहीं होने से जुड़ी शिकायतें 'फार्मा सही दाम' ऐप और पोर्टल, एनपीपीए हेल्पलाइन या ईमेल के जरिए दर्ज कराई जा सकती हैं। राज्यों के औषधि नियंत्रकों को 16 नवंबर 2026 तक अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट एनपीपीए को सौंपने के लिए कहा गया है।

टैबलेट और इंजेक्शन दोनों पर लागू व्यवस्था

30 फीसदी ट्रेड मार्जिन की सीमा दवाओं की पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर लागू होगी। इसमें खुदरा मेडिकल स्टोर और अस्पतालों की फार्मेसी भी शामिल हैं। यह व्यवस्था सूची में शामिल दवाओं पर उनकी खुराक और स्वरूप के आधार पर भेदभाव किए बिना लागू होगी। इसमें टैबलेट और इंजेक्शन जैसी दवाएं शामिल हैं। दवाएं अकेले बेची जा रही हों या किसी अन्य दवा के साथ मिलाकर, दोनों ही स्थितियों में तय सीमा का पालन करना होगा।

एलएसी पर वायुसेना की 'अग्निपरीक्षा', 9 दिनी हवाई अभ्यास शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना 13 से 21 नवंबर तक उत्तराखंड में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक बड़े हवाई अभ्यास की तैयारी में जुटी हुई है। ये अभ्यास जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और पंजाब तक फैले होंगे। इन अभ्यासों का मुख्य मकसद यह जांचना है कि वायुसेना उत्तरी सीमाई इलाकों में कितनी तेजी और असरदार तरीके से प्रतिक्रिया दे सकती है।

वायुसेना के लड़ाकू विमान भरेंगे उड़ान



सुखोई-30एमके। और मिराज-2000 जैसे लड़ाकू विमान, एएन-32 और सी-295 जैसे परिवहन विमान, साथ ही एमआई-17 हेलीकॉप्टर इन अभ्यासों में हिस्सा लेंगे। इनमें से कई विमान मुश्किल हिमालयी इलाकों से उड़ान भरेंगे, जहां पतली हवा और बदलता मौसम चुनौतियों को और बढ़ा देता है। इस दौरान नागरिक उड़ानों को सुचारु बनाए रखने के लिए, अस्थायी हवाई क्षेत्र प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

रायपुर
शनिवार 14 नवंबर 2026
कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 25, अंक : 114
पृष्ठ : 10+4+4 = 18 मूल्य : 5.00**

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 30.2
न्यून. 17.6

इधर

पैन कार्ड, वोटर आईडी नागरिकता साबित करने को पर्याप्त नहीं

नई दिल्ली। भारत में रहने वाले हर व्यक्ति के पास पैन कार्ड और वोटर आईडी जैसे दस्तावेज हो सकते हैं। लेकिन सिर्फ इन दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिकता साबित नहीं की जा सकती. गुवाहाटी हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने साफ किया कि पैन कार्ड और वोटर आईडी तभी सबूत माने जा सकते हैं, जब इन्हें जारी करने के लिए इस्तेमाल किए गए दूसरे रिकॉर्ड भी सही साबित हों। इसी आधार पर कोर्ट ने एक महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने खुद को भारतीय नागरिक बताते हुए विदेशी नागरिक घोषित करने के फैसले को चुनौती दी थी।

यह है मामला

यह मामला असम के दरांग जिले की रहने वाली कुलचन बेगम से जुड़ा है। उनके खिलाफ साल 2000 में मामला दर्ज किया गया था। बाद में यह मामला फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल में पहुंचा. साल 2018 में ट्रिब्यूनल ने उन्हें विदेशी नागरिक घोषित कर दिया था। महिला ने इस फैसले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। महिला का दावा था कि उनका जन्म 25 अप्रैल 1977 को हुआ था। उनका पालन-पोषण गुवाहाटी के लुइटपार, खारघुली इलाके में हुआ. उन्होंने सबेद अली और जाहेदा खातून को अपने दादा-दादी बताया।

छत्तीसगढ़ बनेगा रोबोट इंडस्ट्री का हब, आईआईटी भिलाई तैयार कर रहा ड्राफ्ट

अतुल अग्रवाल ⏭ दुर्ग

आने वाले समय में छत्तीसगढ़ रोबोट इंडस्ट्री का हब बनने जा रहा है। इसे लेकर प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी गई है। आईआईटी भिलाई ने इसे लेकर एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट में चाइना की तरह मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक और वेल्डिंग सेक्टर में रोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे रोबोट की जगह कोबोट कहा जाएगा। इसे लेकर 24 और 25 नवंबर को बैठक होनी है, इस बैठक में इस विषय पर चर्चा होगी। इस संबंध में मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी से पत्र व्यवहार भी किया जा चुका है। सब कुछ सही रहा, तो छत्तीसगढ़ से एक प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर जाएगा, जहां इस विषय पर चर्चा की जाएगी। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश में 5 से 6 जगहों पर ⏭शेष पेज 4 पर

हरिभूमि ब्रेकिंग

मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन सिंगापुर और छत्तीसगढ़ एजुकेशन मंत्रालय के बीच एमओयू की तैयारी

सबसे पहले वेल्डिंग सेक्टर में इस्तेमाल की तैयारी

सबसे पहले वेल्डिंग सेक्टर में रोबोट यानी कोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्तमान में वेल्डिंग करने वाले श्रमिकों की संख्या काफी कम है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक एक साल में 100 से ज्यादा रोबोट तैयार करने की तैयारी है। विशेषज्ञों के अनुसार रोबोट का फैक्टरियों में उपयोग किया जाता है। चाइना जैसे देशों में इसका ज्यादा उपयोग हो रहा है। ⏭शेष पेज 4 पर



फैक्ट्रियों को होगा सबसे ज्यादा फायदा

रोबोट के इस्तेमाल से सबसे ज्यादा फायदा फैक्ट्रियों को होगा। श्रम लागत इससे कम होगी। आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर्स ने बताया कि वेल्डिंग रोबोट सामग्री को मिलीमीटर स्तर तक की अद्भुत सटीकता के साथ जोड़ते हैं। वेल्डिंग रोबोट दृष्टि प्रणाली और स्मार्ट एल्गोरिदम से लैस रहती है, जो विभिन्न स्थितियों के अनुसार तत्काल अपने आपको ढालने में सक्षम होता है।

तैयार किया जा रहा प्रोजेक्ट

फिलहाल प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। मिनिस्ट्री ऑफ सिंगापुर से इस बारे में चर्चा हो रही है। निर्णय शासन स्तर पर लिया जाना है। इस बारे में और अधिक कुछ नहीं बता सकता।

समरेंद्र घोष, प्रोफेसर,
आईआईटी भिलाई

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

वांगचुक ने किया नजरबंद करने का दावा

लेह। क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया है।



उन्होंने गुरुवार रात वीडियो जारी कर कहा कि उनके घर के बाहर भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात है। पुलिस उन्हें घर से बाहर जाने नहीं दे रही है। दूसरी तरफ लद्दाख पुलिस का कहना है कि यह हाउस अरेस्ट नहीं है।

मोदी के नाम पर 8 हजार देने का मैसेज फर्जी

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर दिवाली पर 8,000 रुपये देने वाले मैसेज को फर्जी बताया है। साइबर ठग सोशल मीडिया पर ऐसे मैसेज भेजकर लोगों को लिंक पर क्लिक करने और फर्जी वेबसाइट पर मोबाइल नंबर दर्ज करने के लिए कह रहे हैं। इसके बाद लोगों से यह मैसेज 5 वॉट्सएप या टेलीग्राम ग्रुप और 20 दोस्तों को भेजने को कहा जाता है।

अमेरिकी रक्षामंत्री को डांटने वाले सैनिक को मेडल

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने उस सैनिक को



मेडल दिया, जिसने एक दिन पहले उन्हें और उनकी टीम को चुप रहने के लिए कहा था। दरअसल, 11 नवंबर को वेटरन्स डे के मौके पर हेगसेथ और उनकी टीम के कुछ लोग युद्ध स्मारक के पास आपस में बात कर रहे थे और हंस रहे थे।

वृंदावन के कथावाचक पर दुष्कर्म का आरोप

ठाणे। वृंदावन के चर्चित कथावाचक और महामंडलेश्वर डॉ. इंद्रदेव महाराज दुष्कर्म के गंभीर आरोपों को लेकर विवादों में घिर गए हैं। महाराष्ट्र की एक महिला ने उन पर दुष्कर्म, यौन शोषण, अश्लील वीडियो कॉल करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के काशीमीरा पुलिस थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है।

जनता चाहेगी तो फिर सत्ता संभालूंगी : हसीना

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा है कि अगर जनता चाहेगी



तो वे एक बार फिर बांग्लादेश की सत्ता संभालने के लिए तैयार हैं। एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में हसीना ने कहा कि दिसंबर 2026 में वे बांग्लादेश लौटेंगी। उन्हें गिरफ्तारी या मौत की सजा का डर नहीं है हसीना ने बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हुए हमलों को लेकर चिंता जताई।

काजीरंगा की घटना, ट्रैवलर काटकर निकाले गए शव

असम में भीषण हादसा, ट्रक में जा घुसा ट्रैवलर, परखच्चे उड़े, 26 यात्रियों की मौत

असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रक और यात्रियों से भरी ट्रैवलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में 26 लोगों की मौत गई है। हादसा इतना भयानक था कि ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर राहत और बचाव अभियान चलाया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।



एजेंसी ⏭ गुवाहटी

यह हादसा गोलाघाट जिले में काजीरंगा नेशनल पार्क के पास हुआ. पुलिस के मुताबिक, रंगाजन इलाके में हाथीकुली चाय बागान के पास नेशनल हाईवे-715 पर ट्रैवलर और कंटेनर ट्रक की टक्कर हुई। ट्रैवलर बोकाखाट से नगांव की ओर जा रही था। तभी सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कई यात्री उसके अंदर फंसे हुए थे। बचाव दल ने बस से शवों को बाहर निकाला। शुरुआत में पुलिस को सात लोगों की मौत की जानकारी मिली थी। बाद में पांच और लोगों ने दम तोड़ दिया। अब तक 26 लोगों की मौत हो गई है।

पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर चलाया राहत और बचाव अभियान

ट्रैवलर के 12 चालान का रिकॉर्ड आया सामने

हादसे का शिकार हुई ट्रैवलर गाड़ी के ट्रैफिक चालान की जानकारी भी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इन सभी का कुल 38,500 रुपये जुर्माना भरा जा चुका था। हालांकि, 4,000 रुपये का एक चालान अब भी बकाया है। दरअसल, असम में कमर्शियल गाड़ी के ओवरस्पीडिंग करने पर 4,000 रुपये का जुर्माना लगता है। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, मिनी बस काफी तेज रफ्तार से चल रही थी। काजीरंगा नेशनल पार्क के पास वाहनों की रफ्तार को लेकर नियम भी लागू हैं। शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि तेज रफ्तार के कारण ट्रैवलर का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई।



ट्रैवलर में सवार ज्यादातर यात्री छात्र

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ट्रैवलर में सवार ज्यादातर यात्री छात्र थे। हालांकि, पुलिस ने अभी यह साफ नहीं किया है कि हादसे के समय बस में कुल कितने लोग सवार थे। घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया है।

राहत और बचाव

हादसे की जानकारी मिलते ही असम सरकार में पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री अतुल बोरा भी मौके पर पहुंचे। वह गोलाघाट की स्थानीय विधानसभा सीट से विधायक भी हैं। मंत्री ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव के काम का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

पीड़ित परिवारों के साथ खड़े : सीएम सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने काजीरंगा सड़क हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की। एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ने कहा कि इस हादसे से पूरा राज्य दुखी है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में असम के लोग पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार की पहली प्राथमिकता घायलों को जल्द से जल्द बेहतर इलाज मुहैया कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री अतुल बोरा घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत-बचाव के काम की निगरानी कर रहे हैं। सीएम ने घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की और पीड़ित परिवारों को इस दुख से उबरने की ताकत मिलने की प्रार्थना की।

ओला ने मांगा टिप 10 लाख का जुर्माना



नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कंपनी 'ओला' नाम का राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म चलाती है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, कंपनी पर आरोप है कि वह ग्राहकों से उनकी ट्रिप पूरी होने से पहले ही अतिरिक्त भुगतान की मांग कर रही थी। नियामक के अनुसार, राइड शुरू होने से पहले 'टिप' या ऐड-ऑन मांगने का यह फीचर उपभोक्ताओं को गुमराह करता था। यह डार्क पैटर्न का इस्तेमाल करके फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार नियमों) का उल्लंघन था। 'डार्क पैटर्न' ऐप्स और वेबसाइटों पर मौजूद ऐसे भ्रामक डिजाइन होते हैं, जो लोगों को अनजाने में कुछ ऐसे फैसले लेने के लिए मजबूर कर देते हैं जो वे असल में नहीं लेना चाहते थे।

- सीसीपीए ने की बड़ी कार्रवाई, कहा- ग्राहकों को कर रही गुमराह

फीचर की हुई जांच

प्राधिकरण ने इस फीचर की जांच की। इसमें ऐप के जरिए ड्राइवर खोजते समय उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त भुगतान करने के लिए कहा जाता था और यह सुझाव दिया जाता था कि ऐसा करने से उन्हें जल्दी राइड मिल सकती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बाद में ओला ने 'टिप' का नाम बदलकर 'ऐड-ऑन' कर दिया, लेकिन सीसीपीए ने पाया कि काम करने का तरीका वही रहा।

स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई

सीसीपीए ने इसी तरह की प्रक्रिया को लेकर अन्य कैब एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ भी स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। इससे पहले, प्राधिकरण ने रैपिडो (रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) के खिलाफ भी आदेश जारी किया था और उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। उबर और नम्मा यात्री के खिलाफ भी फिलहाल जांच चल रही है।

फर्जी निवेश योजनाएं चलाने वालों पर शिकंजा

बैंक खाते और संपत्तियां कुर्क करने नए नियम बने

- छत्तीसगढ़ सरकार ने अनियमित जमा योजनाओं पर कार्रवाई की प्रक्रिया तय की
- जांच के लिए समन जारी करने और कुर्क संपत्ति का रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब फर्जी निवेश योजनाएं चलाने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने की तैयारी कर ली गई है। पोंजी या फर्जी निवेश की स्कीम के जरिए कम समय में पैसा दोगुना करने और गैर कानूनी रूप से रुपया जमा करके ठगी करने वाले अब बच नहीं पाएंगे। सरकार ने अनियमित जमा योजनाओं के मामलों में बैंक खातों और संपत्तियों की अस्थायी कुर्की करने, कुर्क संपत्ति का रिकॉर्ड रखने तथा संबंधित ⏭शेष पेज 4 पर

खास खबर

जांच में बुला सकेंगे संबंधित व्यक्तियों को

नए नियमों में जांच के लिए समन जारी करने की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। सक्षम प्राधिकारी किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने, गवाही देने अथवा लेखा पुस्तिकाएं और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समन जारी कर सकेगा। दस्तावेज अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से भी प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्वयं-सहायता समूहों के लिए 3 लाख की सीमा

नियमों में राज्य में संचालित स्व-सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा किए जाने वाले आवधिक भुगतान अथवा अन्य राशि के लिए प्रति सदस्य प्रतिवर्ष तीन लाख रुपये की सीमा निर्धारित की गई है। यह सीमा अधिनियम की धारा के तहत विशेष प्रावधान के उद्देश्य से है। इसे सभी स्व- सहायता समूहों के लिए सामान्य रूप से जमा लेने की अनुमति नहीं माना जा सकता। राज्य सरकार ने ये नियम केंद्र सरकार के परामर्श से बनाए हैं।

बैंक खातों और संपत्तियों की अस्थायी कुर्की

नियमों के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी अनियमित जमा योजनाओं के संचालन से जुड़े व्यक्तियों अथवा संस्थाओं की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क करने का आदेश जारी कर सकेगा। इसके लिए निर्धारित प्रारूप बनाया गया है। आदेश की प्रतियां संबंधित बैंक, डाकघर, वित्तीय संस्था तथा अचल संपत्ति के पंजीकरण से जुड़े अधिकारियों को भेजी जा सकेंगी। कुर्क की गई संपत्ति का विवरण, उसकी अनुमानित कीमत, पहचान, कुर्की के आधार और आदेश की तामील की जानकारी रिकॉर्ड में रखनी होगी। कार्रवाई के दौरान हुए खर्च का भी हिसाब दर्ज किया जाएगा। अस्थायी रूप से कुर्क संपत्ति का सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना निपटान नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, कुर्की अंतिम नहीं होगी। अधिनियम के तहत नामित न्यायालय इसकी पुष्टि अथवा संशोधन कर सकता है।

पीएम मोदी मेरा फोन टैप करा रहे : राहुल अपने दिमाग की जांच कराएं : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि उनका फोन टैप कराया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरे सभी आरोपों के सबूत मेरे फोन में हैं, जिसे प्रधानमंत्री टैप करा रहे हैं। वन-ऑन-वन बहस से यह साबित हो जाएगा कि विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है, देश विरोधी कौन है और कब से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है। ऐसी कई दूसरी जानकारियां भी हैं, जो मुझे पता हैं और मेरे फोन में मौजूद हैं।' ⏭शेष पेज 4 पर



मुद्दों पर बोलने नहीं दिया जाता

इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी' सेशन के दौरान राहुल से पूछा गया था कि जब बीजेपी संसद में बहस के लिए तैयार है तो वह सार्वजनिक बहस पर जोर क्यों दे रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि लोकसभा में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

भाजपा ने किया पलटवार

राहुल के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने फोन टैपिंग के दावे को खारिज करते हुए कहा, 'राहुल गांधी से मैं पूरे सम्मान के साथ बस इतना ही कह सकता हूं कि उन्हें अपना मानसिक परीक्षण करवाना चाहिए। कोई भी उनके फोन को टैप करने की जहमत नहीं उठा रहा है। किसी को भी उनके फोन को टैप करने में दिलचस्पी नहीं है।

बर्फबारी से फंसे थे सिक्किम के नाथुला में

भारतीय सेना बनी देवदूत 900 टूरिस्ट का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सिक्किम में भारी बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बीच भारतीय सेना ने एक बार फिर अपनी बहादुरी के साथ इंसानियत की मिसाल पेश की है। पूर्वी सिक्किम के नाथुला, बाबा धाम और छांगू झील के आसपास बर्फबारी के चलते फंसे 900 से ज्यादा स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सेना के जवानों ने सुरक्षित बाहर निकाला। मुश्किल मौसम में जवानों ने राहत और बचाव अभियान चलाया।



300 से ज्यादा गाड़ियों को भी निकाला सुरक्षित

भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर के जवानों ने सिर्फ लोगों को ही नहीं, बल्कि बर्फ में फंसे 300 से ज्यादा वाहनों को भी सुरक्षित रास्ता पार कराया। इनमें करीब 250 पर्यटकों की गाड़ियां शामिल थीं।

आयुष्मान योजना के करोड़ों कार्डधारकों को जोर का झटका!

प्राइवेट अस्पतालों में 112 बीमारियों का इलाज होगा बंद!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (एबी-पीएमजेएवाय) के नियमों में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। इस फैसले का सीधा असर उन लाभार्थियों पर पड़ेगा जो अब तक निजी यानी प्राइवेट अस्पतालों में इन बीमारियों का मुफ्त इलाज कराते थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की नई तैयारी के मुताबिक, अब 112 बीमारियों और सर्जरी के पैकेज सिर्फ सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इसका सीधा मतलब यह है कि अब लाभार्थी इन 112 बीमारियों का मुफ्त इलाज किसी भी निजी अस्पताल में नहीं करा सकेंगे।

एनएचए ने उपचार पैकेजों में किए बदलाव

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इस योजना के तहत सरकारी के साथ कई प्राइवेट अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा दी जाती है। हालांकि, अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने योजना के कुछ उपचार पैकेजों को लेकर बदलाव करने का निर्देश दिया है। इसके तहत 112 तरह के इलाज सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित किए जाने हैं।



नए बदलाव का यह है उद्देश्य

अब तक आयुष्मान योजना के तहत केवल 23 बीमारियों के पैकेज ही सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित थे, लेकिन अब इसमें 89 नए पैकेज जोड़े जा रहे हैं। इस कदम के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य निजी अस्पतालों पर होने वाले भारी खर्च को कम करना और सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाना है।

अब सिर्फ सरकारी अस्पतालों में होगा इन बीमारियों का इलाज

- आंखों की बीमारी : मोतियाबिंद और ग्लूकोमा (काला मोतिया) का ऑपरेशन
- महिलाओं से जुड़े रोग : हाई रिस्क डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन (हिस्ट्रेक्टमी) और एमटीपी (एमटीपी).
- पेट और लिवर के रोग : एल्कोहल लिवर डिजीज, हेपेटाइटिस, पेनक्रियाटाइटिस और डायरिया।
- सर्जरी और अन्य : फिस्टुला (भगंदर), सिस्ट (गांठ), बायोप्सी और सीवियर एनीमिया (गंभीर खून की कमी).
- मौसमी व सांस की बीमारियां : मलेरिया, चिकनगुनिया और एक्यूट ब्रोंकाइटिस.

चिंतन

अच्छी सड़कों के बाद अब हादसों पर लगाम जरूरी

सड़कों का विकास किसी भी देश की आर्थिक प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण पैमाना है। बेहतर सड़कें आवागमन आसान बनाती हैं, समय और ईंधन बचाती हैं तथा कारोबार को गति देती हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ तभी है, जब सफर सुरक्षित भी हो। देश में एक्सप्रेसवे, हाइवे और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाने के साथ अब सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाना भी उतना ही जरूरी हो गया है। असम के काजीरंगा में मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने टक्कर में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत इसी गंभीर चुनौती की याद दिलाती है। इस हादसे में करीब 23 लोगों की मौत हो गई है, लेकिन यह तथ्य चिंताजनक है कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी बस के पहले ही 12 चालान कट चुके थे। सवाल है कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला वाहन सड़कों पर बेखौफ कैसे दौड़ता रहा? केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़े देश में सड़क सुरक्षा की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में 5,13,563 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,83,382 लोगों की जान चली गई। यानी हर दिन औसतन 500 से अधिक लोग सड़क हादसों में दम तोड़ रहे हैं। हर साल 4.71 लाख से अधिक लोगों का घायल होना भी बताता है कि सड़क दुर्घटनाएं कितने बड़े सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले चुकी हैं। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है। आंकड़ों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में करीब 70.3 प्रतिशत हिस्सेदारी ओवरस्पीड की है। गलत दिशा में वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और हेलमेट या सीटबेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना भी जानलेवा साबित हो रहा है। हादसों में मरने वालों में 66 प्रतिशत से अधिक युवा हैं। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में 46.2 प्रतिशत हिस्सेदारी दोपहिया वाहन चालकों की है। स्पष्ट है कि सड़क पर सबसे ज्यादा जोखिम उन लोगों को उठाना पड़ रहा है, जिनके पास सुरक्षा के साधन भी सीमित हैं। सड़क सुरक्षा की समस्या का समाधान केवल नए हाइवे बनाने या दुर्घटना के बाद मुआवजा देने से नहीं होगा। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने, वाहनों के परमिट रद्द करने और उनकी फिटनेस की अनिवार्य जांच जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए कैमरों, स्पीड गन और तकनीक आधारित निगरानी का दायरा बढ़ाना होगा। इसके साथ ही सड़क इंजीनियरिंग की खामियों को दूर करना, ब्लैक स्पॉट चिह्नित करना, पर्याप्त संकेतक लगाना और दोपहिया चालकों के लिए सुरक्षित लेन जैसी व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस, प्रशिक्षित बचाव दल और ट्रॉमा सेंटर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। सड़क सुरक्षा केवल सरकार या यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल, निर्धारित गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसी सावधानियां जीवन बचा सकती हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा को जागरूकता अभियान तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार का हिस्सा बनाने की जरूरत है। विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा, जब सड़कें केवल तेज रफ्तार और सुविधाजनक सफर का माध्यम नहीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा की गारंटी भी बनें।



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ते कदम

पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति के समीकरण तेजी से बदले हैं। इनमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए विश्वसनीय बन रही है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा पूरी हो पाएगी, ऐसे में जब देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक चुनौतियों का भी प्रभावी समाधान करने की चुनौती होगी? भारत के लिए आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के वीटो पावर के अधिकार के लिए कुछ देशों को छोड़, भारत के लिए स्थायी सदस्यता पर सहमति बनी है। यही नहीं, चीन और अमेरिका ने भी भारत को स्थायी सदस्यता देने में कोई रोड़ा खड़ा नहीं किया है। दुनिया इस समय ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जिनमें पुरानी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की सीमाएं स्पष्ट दिखाई देने लगी हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, अमेरिका-चीन के बीच राजनीतिक स्पर्धा, वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद और तकनीकी वर्चस्व की होड़ ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को जटिल बना दिया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक संस्थाएं भी बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने में कठिनाई महसूस कर रही हैं। ऐसे समय में भारत के सामने अवसर भी हैं और जिम्मेदारियां भी। सवाल महज यह नहीं है कि भारत विश्व की प्रमुख तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा कि नहीं, बल्कि यह भी है कि वह अंतरराष्ट्रीय निर्णय प्रक्रिया को अधिक महत्वपूर्ण और न्यायपूर्ण संतुलित बनाने में प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? पिछले दस सालों में भारत जिस तरह से दुनिया के लिए विश्वसनीय देश बनकर उभरा है, उसमें वैश्विक भूमिका निभाने के अवसर अब साफ-साफ दिखाई देने लगे हैं। पिछले दिनों घटनाक्रमों के वैश्विक घटनाक्रम पर नजर दौड़ाएं तो साफ दिखाई दे रहा है कि भारत की भूमिका दुनिया में सबसे सशक्त और निष्पक्ष बात करने वाले देश के रूप में हर मंच पर स्वीकार की जा रही है। वह चाहे ब्रिक्स हो, संयुक्त राष्ट्र संघ हो या अन्य कोई संस्था हो। भारत ने वैश्विक मंच पर जिस तरह से एक जिम्मेदार और सबको साथ लेकर चलने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है, उससे दुनिया के देश भारत को एक नेतृत्वकर्ता शक्ति सम्पन्न देश के रूप में सम्मान देने लगे हैं। यही वजह है अमेरिका, चीन, सऊदी अरब जैसे देश भारत के बढ़ते प्रभाव से बेचैन दिखते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन यह बताता है कि भारत वह भारत नहीं रहा जो तीन-चार दशक पहले था। आज भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियानों में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता होने के कारण दुनिया बेहद आशापूर्ण नजरों से देख रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत के सामने आंतरिक चुनौतियां कम नहीं है। ये चुनौतियां ऐसी हैं जिसका समाधान जमीनी स्तर पर नहीं किया गया तो कई और बेहद गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। यानी सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक वैश्विक मंच पर अपनी बेहतर भूमिका और जिम्मेदारी के तहत अपनी छवि को बरकरार



रखना और दूसरी देशविरोधी ताकतों को उभरने से रोकना और विकास दर को लगातार बढ़ाते रहना व साम्प्रदायिक सद्भाव को हर कीमत पर बनाए रखना। सितंबर 2026 में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्कता की चर्चा को केंद्र में रखा। भारत के लिए ब्रिक्स महज आर्थिक मदद का मंच नहीं, बल्कि विकासशील देशों की समस्याओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने का बेहतरीन अवसर भी है। खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, विकास वित्त और तकनीकी असमानता ऐसे विषय हैं, जिन पर भारत प्रभावी ढंग से पहल कर सकता है। इसके माध्यम से पश्चिम एशिया के बढ़ते घटनाक्रम को किसी नकारात्मक परिणाम पर पहुंचने से रोकने की जो कवायदें की गईं, उससे ब्रिक्स की अहमियत सारी दुनिया ने अनुभव किया। भारत जिस तरह से ब्रिक्स के माध्यम से महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से रखता रहा है, उससे साफ है कि सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर, वह चाहे जलवायु परिवर्तन हो या ग्रीन हाउस गैसों की कटौती का मामला हो, अमेरिका के दबाव में आने वाला नहीं है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की रणनीतिक स्वयत्तता खास महत्व रखती है। अमेरिका के साथ भारत के रक्षा, तकनीक और व्यापारिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। रूस के साथ ऐतिहासिक रक्षा सहयोग और ऊर्जा संबंध हैं। चीन के साथ सीमा विवाद तथा आर्थिक प्रतिस्पर्धा की परिस्थितियां हैं। यूरोपीय देशों के साथ निवेश और तकनीकी सहयोग की संभावनाएं हैं। वहीं पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के हितों से जुड़ा हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में भारत की किसी एक शक्ति के प्रभाव में आए बिना अपने राष्ट्रीय हितों के बारे में निर्णय लेने होंगे। लेकिन वैश्विक प्रतिष्ठा का मूल्यांकन महज विदेश नीति से नहीं होता। देश की आंतरिक आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित करती है। भारत की अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे, डिजिटल भुगतान, परिवहन, आंतरिक अनुसंधान और विनिर्माण के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। इसके बावजूद विकास का फायदा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना बहुत बड़ी चुनौती है। सरकार के सामने महंगाई और रोजगार के अलावा स्वास्थ्य ऐसे बड़े सवाल हैं जिनका सीधा संबंध आम आदमी से है। सितंबर 2026 में भारत की खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जबकि खाद्य महंगाई दर 7.74 प्रतिशत रही। अक्टूबर के लिए अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पहुंच गई। इसकी वजह खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि, निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों को प्रभावित करती है। इसलिए आर्थिक विकास के साथ महंगाई पर नियंत्रण और रोजमर्रा की वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसी तरह रोजगार के मोर्चे पर भी विकास की गुणवत्ता का सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। 10 नवंबर 2026 को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार बेरोजगारी दर में मामूली घटकर 5.1 दर्ज की गई। यदि हम देश के सामने चुनौतियों पर समग्र रूप से नजर डालें तो रोजगार में गिरावट, महंगाई दर में बढ़ोत्तरी, स्वास्थ्य सेवा-क्षेत्र में नकली दवाइयों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं और मौतों का बढ़ता आंकड़ा और जलवायु परिवर्तन की वजह से कृषि क्षेत्र में बढ़ती तमाम तरह की चुनौतियां, यह स्पष्ट करती हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को और भी कारगर कदम उठाने होंगे जिससे आंतरिक चुनौतियों से निपटा जा सके। अभी केंद्र सरकार के सभी फैसले जनहित में रहे हैं, लेकिन और भी बेहतर करने की जरूरत है जिससे सब का साथ, सब का विश्वास, सब का प्रयास और सब का विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्पष्ट दिखाई दे।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पिछले कुछ महीनों में विश्व राजनीति के समीकरण तेजी से बदले हैं। इनमें भारत की भूमिका महत्वपूर्ण और दुनिया के लिए विश्वसनीय बन रही है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या आने वाले वक्त में भारत की वैश्विक शक्ति बनने की आकांक्षा पूरी हो पाएगी, ऐसे में जब देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक चुनौतियों का भी प्रभावी समाधान करने की चुनौती होगी? भारत के लिए आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के वीटो पावर के अधिकार के लिए कुछ देशों को छोड़, भारत के लिए स्थायी सदस्यता पर सहमति बनी है। यही नहीं, चीन और अमेरिका ने भी भारत को स्थायी सदस्यता देने में कोई रोड़ा खड़ा नहीं किया है।

बाल दिवस विशेष
रोहित कौशिक



बचपन बचाने की सतही चिंता

बच्चे किसी भी समाज या राष्ट्र का भविष्य होते हैं। भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि यहां बचपन बचाने की चिन्ता मात्र खोखले आदर्शवाद के दायरे में ही सिमट कर रह गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि व्यावसायिकता से परिपूर्ण एवं भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में सम्पूर्ण वर्ष हमें बच्चों का ख्याल ही नहीं आता है और बचपन बचाने की चिन्ता का यह पिटारा बाल-दिवस के आसपास खुलता है। इसके बाद समाज का बुद्धिजीवी वर्ग सक्रिय हो उठता है और उसे यह चिन्ता सताने लगती है कि आज बच्चों का बचपन कैसे बचाया जाए। यदि मात्र बाल दिवस पर परिचर्चाएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर पूरे वर्ष चुप बैठने से ही इस प्रश्न का हल ढूंढा जा सकता तो अब तक बच्चों के बचपन पर छाई धुन्ध हट गई होती । यह विडंबनापूर्ण ही है कि आज बच्चों के बचपन पर छाई धुंध और गहराती जा रही है। आज एक ओर विभिन्न चैनलों द्वारा टीवी पर परोसी जा रही अश्लीलता से बच्चों का बचपन असुरक्षित होता जा रहा है तो वही हिंसापूर्ण फिल्में बाल भावनाओं को विकृत कर रही हैं। कहीं बस्तों के बोझ से बच्चों का बचपन दब गया है तो कहीं शिक्षा के अभाव में बच्चे दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। एक ओर बच्चे मानवीय अत्याचार से पीड़ित हैं तो दूसरी ओर पारिवारिक विघटन का असर बच्चों पर पड़ रहा है। आशानुरूप परिणाम न मिलने के कारण माता-पिता के डर से अनेक बच्चे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। इस तरह की अनेक घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं। आज बच्चों के बचपन से सम्बन्धित ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गम्भीरता के साथ पुनर्विचार की आवश्यकता है। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सस्पेंस ,थ्रिलर, हॉरर शॉ और सोप ओपेरा देखने वाले बच्चे जटिल मनोवैज्ञानिक समस्याओं से प्रभावित हो जाते हैं। आज यह भी देखने में आ रहा है कि हम अक्सर बच्चों के मनोविज्ञान को समझे बिना अपनी इच्छाएं उन पर थोप देते हैं। ऐसे में बच्चे जिस अन्तर्द्वन्द्व की अवस्था से गुजरते हैं, वह अन्ततः अनेक समस्याओं को जन्म देता है। यदि बच्चों की इच्छाओं के समक्ष घुटने टेक दिए जाएंगे तो उनके और अधिक जिद्दी बनने और गलत रास्ते पर चलने की सम्भावना बढ़ जाएगी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम बच्चों की इच्छाओं को कोई महत्व ही न दें।

अमूमन होता यह है कि हम शुरू में बच्चे को बहुत अधिक प्यार करते हैं। ऐसे में माता-पिता से बच्चे की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। अपनी इन्हीं अपेक्षाओं के अनुरूप जब बच्चा अपनी इच्छाएं माता-पिता से बताता है तो वे उसे डांट-फटकार कर चुप कर देते हैं। माता-पिता का यह व्यवहार ही बच्चों को विद्रोही एवं चिड़चिड़ा बना देता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रारम्भ से ही बच्चों के साथ एक संतुलित रवैया अपनाएं। बच्चों को ठीक ढंग से समझने के लिए हमें अपने अंदर एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि भी विकसित करनी होगी। हमें कोशिश करनी होगी कि हम बच्चों को विश्वास में ले सकें। अक्सर यह देखने में आया है कि माता-पिता स्वयं जिस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाते हैं वे उस लक्ष्य तक अपने बच्चों को पहुंचाने की कोशिश करते हैं। वे इस जुनून में यह भी परवाह नहीं करते कि वास्तव में बच्चे की अपनी इच्छा क्या है? वे यह भी जानने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे में उस लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता है भी या नहीं। निश्चित रूप से बच्चे के उज्जवल भविष्य का स्वप्न देखना और उस स्वप्न को साकार करने का प्रयास करना गलत नहीं है, लेकिन यह सब यथार्थ के धरातल पर होना चाहिए। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-2 कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। बच्चों को आया या नौकर के सहारे छोड़ दिया जाता है। व्यावसायिकता के इस दौर में किड गार्डन संस्कृति भी खूब फल-फूल रही है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं लेकिन समस्या तब आती है, जब अत्यधिक व्यवस्ता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। कुछ मामलों में तो पति और पत्नी दोनों का काम पर जाना मजबूरी होती है लेकिन महानगरों में दोनों ही अपनी अलग-अलग जिन्दगी जीना चाहते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन-पोषण के लिए मात्र सुख-सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है, उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज हमने और अधिक पैसा कमाने की होड़ एवं आधुनिक बनने के चक्कर में मानवीय मूल्यों को भी तिलांजलि दे दी है। इस दौर में बचपन बचाने की सतही चिंता छोड़कर हमें पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर कुछ ठोस प्रयास करने होंगे।

असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्वधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझ्झव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। गुरु वशिष्ठ ने कहा कि भरत! तुम्हारे जीवन में तो धर्मसार है। भरत में यदि किंचित मात्र भी मैं होता तो वे लोक, वेद, राजनीत या साधुनीति में से किसी एक का खंडन अपने स्वाभिमान के नाम पर अपनी स्थापना कर देते।

ईर्ष्यालु किसी को सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

अंतर्मन



आज की पाती

इस बार भी मनाई गई धुएं वाली दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया गया। दीपावली के त्योहार पर हर बार अपील होती है कि इसे इस तरह मनाया जाए कि प्रदूषण न फैले और अग्निकांड भी न हों। परंतु हर बार की तरह इस बार भी धुएं वाली दिवाली मनाई गई और लोगों ने खूब पटाखे फोड़े। आश्चर्य की बात तो यह है कि रात दो बजे भी पटाखे चलते सुने गए। अब दिवाली खत्म हो गई है, परंतु पटाखे अब भी चल रहे हैं। दिल्ली सहित हर प्रदेश में खूब प्रदूषण फैला। वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार हर शहर और कस्बे को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ी। स्वच्छ हवा में सांस लेना तक मुश्किल हो गया। आग की घटनाएं भी इस बार पहले की अपेक्षा बढ़ गईं।

- प्रदीप शर्मा, कांकेर

ट्रेंड

टीबी से मौतों में कमी



टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उत्साहजनक परिणाम दिखा रही है! डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2026' भारत की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाती है। 2015 के बाद से टीबी से होने वाली मौतों में 38% की कमी आई है, जो 35% की वैश्विक गिरावट से बेहतर है।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

केंद्र सरकार की आदत



केंद्र सरकार की आदत बन गई है कि वह हर बात के लिए पंजाब को दोष देती है। हमारी सरकार के सहयोग, मशीनों की उपलब्धता और किसानों की जागरूकता की बदौलत, इस बार पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है।

- भगवंत मान, सीएम, पंजाब

महापर्व 'छठ पूजा'



लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' का पहला अनुष्ठान 'नहाय-खाय', शरीर और मन की शुद्धि, आत्मा की पवित्रता और सूर्य देव की उपासना के पावन संकल्प का प्रतीक है। हमारी सरकार ने इस वर्ष पूरी दिल्ली में 1,400 छठ घाटों पर विशेष प्रबंध किए हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मूल सार



लोकतंत्र का मूल सार ही यह है कि सवालों के जवाब पूरे आत्मविश्वास, सच्चाई और साहस के साथ दिए जाएं। राहुल गांधी की चुनौती इसी लोकतांत्रिक परंपरा को आगे बढ़ाने के बारे में है। आइए, बहस के लिए मंच तैयार करें, खुली बातचीत करें।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री

करंट अफेयर

हुआंग की ताइवान में छवि धूमिल, लोकप्रियता भी घटी

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग अपने जन्मस्थान ताइवान में किसी रॉक स्टार की तरह लोकप्रिय थे। हालांकि, एक कथित चीनी एजेंट के साथ उनके प्रेम संबंधों की अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद उनकी यह छवि धूमिल हो गई है। दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह ताइवान में भी हुआंग और एलिस हुआंग नाम की एक चीनी कारोबारी महिला के संबंधों को लेकर सामने आए विवाद से लोग हैरान हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कथित तौर पर एलिस को चीनी जासूस बताया है। वर्ष 2025 में राजधानी ताइपे के एक रेस्तरां में दोनों के जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और दुनियाभर के समाचार माध्यमों में प्रसारित हुआ। हुआंग ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। बुधवार देर रात मीडिया में आई उन खबरों के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं, जिनमें कहा गया था कि एनवीडिया के एक कर्मचारी के साथ भी उनके विवाहेतर संबंध थे और वह कर्मचारी सीधे उन्हें रिपोर्ट करता था।



ऑफ बीट

बच्चे को नुकसान पहुंचाने के डरावने विचार आना सामान्य

माता-पिता बनने की खबर दोस्तों और परिवार को देते ही आपको उनकी ओर से ढेरों सलाह मिलने लग जाती हैं। हर कोई बताने लगता है कि बच्चे की देखभाल कैसे करनी है, किन बातों का ध्यान रखना है और क्या करना चाहिए। लेकिन इस दौरान होने वाले एक ऐसे आम अनुभव के बारे में शायद ही कोई बात करता है, जिसका असर माता-पिता की मानसिक सेहत पर लंबे समय तक रह सकता है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'पेरिनेटल इंट्रूसिव थॉट' (प्रसवकालीन अनचाहे विचार) कहा जाता है यानी गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के बाद के पहले वर्ष में अचानक मन में अवांछित, डरावने और परेशान करने वाले विचारों का आना। ये ऐसे विचार होते हैं जो अचानक मन में आते हैं और ये नकारात्मक होते हैं। आमतौर पर ये उन घटनाओं से जुड़े होते हैं जिनसे हम डरते हैं या जिन्हें घटित होते नहीं देखना चाहते। मसलन, किसी बैठक में अचानक मुंह से कोई अनुचित बात निकल जाने का ख्याल आना। बच्चे के जीवन के पहले वर्ष को यहां प्रसवकालीन अवधि कहा गया है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



'आवारा पागल दीवाना 2' की शूटिंग जल्द होगी शुरू

मुंबई। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

लाइफ Style

श्रुति

अपनी पसंद छिपाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए

अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी फिल्मों के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी और पसंद-नापसंद पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब पीने की आदत को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिनकी चर्चा हो रही है।

एजेंसी : नई दिल्ली

अभिनेत्री ने साफ कहा कि उन्हें अपने कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में छिपाने या झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। श्रुति ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में बातचीत के दौरान साझा कीं। शो में बातचीत के दौरान श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी सोच स्पष्ट की। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में फैसले लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए। अगर कोई अपनी पसंद से कॉस्मेटिक सर्जरी या किसी दूसरे प्रोसीजर का सहारा लेता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। हालांकि, उन्हें यह समझ नहीं आता कि लोग इसके बारे में सच बताने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने लुक में बदलाव के बावजूद दावा करते हैं कि वे हमेशा से ऐसे ही दिखते थे। श्रुति के मुताबिक जब बदलाव साफ नजर आ रहा हो तो इस तरह की बातें करना अजीब लगता है।



हॉलीवुड मसाला



फ्रेंच फिल्म अकादमी देगी 'मानद सीजर अवार्ड'

लॉस एंजिल्स। फ्रेंच अकादमी ने गुरुवार को घोषणा की कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन को 52वें सीजर अवार्ड समारोह में 'मानद सीजर अवार्ड' दिया जाएगा। फ्रेंच अकादमी ने बताया कि 'बिग लिटिल लाइज' की अभिनेत्री को यह सम्मान 25 फरवरी, 2027 को होने वाले समारोह में दिया जाएगा। फ्रांस की राष्ट्रीय फिल्म अकादमी की तरफ से सिनेमा जगत में आजीवन उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया जाने वाला एक मशहूर अवॉर्ड है।



मैदान के बाद अब पर्दे पर दिखेंगे फुटबॉलर

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुके पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब एक नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। फुटबॉल के मैदान पर अपने शानदार खेल से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले रोनाल्डो अब टीवी की दुनिया में भी नजर आएंगे। उन्होंने अपनी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस सीरीज में फुटबॉल की भी अहम भूमिका होगी। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रिटिश प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मैथ्यू वॉन के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि खुशखबरी! मेरी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' की शूटिंग शुरू हो गई है।



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने

मुंबई। अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती ने आगामी हॉरर फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का पहला लुक सामने आया है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हॉरर कहानी पर आधारित होगी। फिल्म 'स्केरी पिक्चर' पर राणा दग्गुबाती ने एक बातचीत में कहा, 'स्केरी पिक्चर से शुरू करते हुए, हमारा लक्ष्य इस शैली से प्यार करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए निरंतर निर्माण सहायता और रिलीज के अवसर उपलब्ध कराना है। भारत हर शैली में विविधतापूर्ण है, और हॉरर भी इससे अलग नहीं है। हर क्षेत्र के अपने भय, अपनी कहानियां और उन्हें बताने के अपने तरीके हैं। हम हर उपशैली के लिए खुले हैं। मनोवैज्ञानिक, जीव-जंतु, हॉरर-कॉमेडी, सामाजिक हॉरर, या फिल्म निर्माता हमारे सामने जो भी नई कहानियां लेकर आएं।'फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का निर्देशन रवि बाबू ने किया है।



कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा के साथ उनके रिश्ते और फिल्म 'रूपा' की को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब रानी ने सोशल मीडिया पर गोविंदा के साथ 'रूपा' की कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों की नजदीकियां एक बार फिर लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इन तस्वीरों में कहीं गोविंदा अभिनेत्री का हाथ थामे नजर आ रहे हैं, तो किसी में वह एक-दूसरे को देखते हुए पोज दे रहे हैं। रानी स्वर्णकार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रूपा की सुंदर झलकियां।' बता दें कि तस्वीरों में गोविंदा व्हाइट ब्लेजर, काली पैंट और सनग्लासेस पहने नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा



नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्कॉउट ओपी और यंग डीएसए के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव गिल से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। गेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसए ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रापाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्कॉउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाद शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसए ने इस सब का जिम्मेदार लव गिल को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगी।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। *छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।* ***नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है:*** *साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है।*

डॉ. वाघानी
दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट) असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खरांटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

जैकेट के शेष

अर्नब के बाद ....
पास 28 अक्टूबर से 11 नवंबर तक प्रदेशभर में कुल 2 लाख 50 हजार 311 फसल क्षति सूचनाएं दर्ज की। इनमें से बीमा कंपनियो ने 1 लाख 11 हजार 95 सूचनाएं निरस्त कर दी, जबकि 1 लाख 38 हजार 415 स्वीकार की गई हैं। इस तरह नुकसान की सूचना देने वाले प्रत्येक 100 किसानों में से करीब 44 की सूचना खारिज हुई है।

23 को रायगढ़ ....
उनसे जिले की जरूरतें, मांगें और विकास के संदर्भ में सवाल जवाब होंगे। वित्तमंत्री श्री चौधरी रायगढ़ की विकास योजनाओं की जानकारी देंगे।

सीजीपीएससी की संशोधित ....
चयन प्रक्रिया नियम-2014 में संशोधन करते हुए यह प्रावधान किया है।

शराब सिंडिकेट का ....
सप्ताह में गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी अब जानकारी निकलकर सामने आई है।

घोटाले के पार्ट-बी की प्रमुख कड़ी : शराब घोटाले के इस पूरे खेल में सरकारी शराब दुकानों की भूमिका भी अहम थी। आरोप है कि दुकानों से कुछ शराब बिना सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किए बेची जाती थी। सिंडिकेट के लोग इस व्यवस्था को पार्ट-बी कहते थे। इस पार्ट-बी से मिलने वाली रकम सरकारी खाते में जमा नहीं होती थी। आरोप है कि सुब्बू इस पैसे को इकट्ठा करता था। इसके बाद रकम का हिसाब रखकर दूसरे लोगों तक पहुंचाई जाती थी।

माइक्रोसॉफ्ट में खराबी, भारत ....
के लिए कुछ बदलाव किए, लेकिन वे उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाए। कंपनी अब दूसरे तरीकों की जांच कर रही है, ताकि सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना यूजर्स को दोबारा सेवाओं से जोड़ा जा सके। इसी वजह से आउटेज लंबा खिंच गया। बता दें, माइक्रोसॉफ्ट 365 एप्स का इस्तेमाल करते हैं। इनमें आउटलुक और टीम्स जैसी सेवाएं शामिल हैं।

पेज एक के शेष

छत्तीसगढ़ बनेगा रोबोट इंडस्ट्री ...
रोबोट इंडस्ट्री खोलने की तैयारी है, जहां रोबोट तैयार किए जाएंगे। इसके लिए सिंगापुर के एक्सपर्ट्स छत्तीसगढ़ आएंगे। एक्सपर्ट्स छत्तीसगढ़ के इंजीनियरों को रोबोट तैयार करने को लेकर ट्रेनिंग देंगे। आईआईटी मिलाई से मिली जानकारी के मुताबिक एक महीने के अंदर सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि पिछले लंबे समय से भारतीय फैक्टरियां मैन्युफेक्चरिंग में रोबोट्स के उपयोग को बढ़ावा दे रही हैं। 15 वर्ष पहले तक भारत के अलग-अलग हिस्सों में उद्योग सम्बंधी गतिविधियों के लिए सौ से भी कम रोबोट बनाए जाते थे। अब इसकी संख्या बढ़कर सालाना 6 हजार के पार पहुंच चुकी है। छत्तीसगढ़ में इसे और आगे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इसमें आधुनिक स्मार्ट टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का इस्तेमाल करते हुए परम्परागत निर्माण प्रक्रियाओं को ऑटोमेशन की ओर ले जाया जाना है।

रोबोट तैयार करने का खर्च 10 लाख से 50 लाख रुपए तक : जानकारी के मुताबिक रोबोट तैयार करने में 10 लाख से 50 लाख रुपए तक का खर्च आएगा। इसकी अलग-अलग कैटेगरी है। बेसिक रोबोटिक मशीन, जिसमें सिर्फ आर्म, मशीन होगा, उसे तैयार करने में 5 से 10 लाख रुपए तक का खर्च आता है। इसी प्रकार एंट्री लेवल कोबोट वेल्डर तैयार करने में 20 लाख से 55 लाख, पूर्ण रोबोटिक वेल्डिंग सेल बनाने में 25 लाख से 50 लाख तक का खर्च आता है। इसके अलावा और भी महंगे रोबोट भी तैयार किए जा सकते हैं। नए टेक्नोलॉजी के साथ असेम्बल रोबोट एआई आधारित हैं, जो ज्यादा सटीक काम करते हैं।

सबसे पहले वेल्डिंग सेक्टर...
इसे ही रोल मॉडल मानकर इस दिशा में प्रयास शुरू किया गया है। रिमोट कंट्रोल, ऑटोमेटेड सिस्टम्स और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से इसका बेहतर इस्तेमाल करने की तैयारी है।

फर्जी निवेश योजनाएं चलाने...
व्यक्तियों को जांच के लिए समन जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। इस काम के लिए वित्त विभाग ने छत्तीसगढ़ अनियमित जमा योजनाएं प्रतिबंध नियम, 2026 बनाया है और यह लागू हो गया है। नए नियम अनियमित जमा योजनाएं प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के तहत बनाए गए हैं। इनके जरिए अनियमित जमा योजनाओं के मामलों में संपत्ति कुर्क करने और जांच संबंधी कार्रवाई को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

पीएम मोदी मेरा...
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी। उन्होंने दावा किया कि अगर दोनों के बीच वन-ऑन-वन बहस हुई तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे।

लॉरेंस गिरोह से संबंध रखने वाला गुर्गा गिरफ्तार
त्रिशूर (केरलम)। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कथित संबंध होने के आरोप में केरलम के पलक्कड़ जिले से 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भारत खंडिवेली वेस्ट के निवासी तथा तमिलनाडु से संबंध रखने वाले गुरुमूर्ति के रूप में हुई है। वह पलक्कड़ जिले के ओट्टापालम पुलिस थाना क्षेत्र में एक दूध विक्रय केंद्र पर काम करता था। त्रिशूर सिटी पुलिस की विशेष टीम ने बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे ओट्टापालम इलाके में किराये के मकान से गुरुमूर्ति को गिरफ्तार किया।

प्रशांति कुटीरम के कार्यक्रम में बोले मोदी

'राष्ट्र के निर्माण में सेवा और समर्पण का भाव जरूरी', बेंगलुरु को दी पिंक लाइन की सौगात

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक को बड़ी सौगात दी। पीएम मोदी कर्नाटक को 15 हजार 600 करोड़ की विकास परियोजनाओं का तोहफा दिया। इनमें बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन, नवीकरणीय ऊर्जा, एलपीजी भंडारण, रेलवे और वंदे भारत एक्सप्रेस परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का उद्घाटन किया। यह लाइन कलीना अग्रहारा से तावरेकेरे तक बनी है। इसकी लागत लगभग 3 हजार 470 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी ने सबसे पहले स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के आवासीय मुख्यालय परिसर, प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर स्वर्ण जयंती प्रशासनिक खंड का शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज बेंगलुरु में मुझे योग की अद्भुत ऊर्जा को अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। कर्नाटक की ये धरती सदियों से योग का केंद्र रही है। योग से जुड़े कितने ही आचार्यों और विद्वानों ने यहां जन्म लिया है और योग की परंपरा को समृद्ध भी किया है। राष्ट्र के निर्माण में सेवा और समर्पण का भाव जरूरी है।

पिंक लाइन की लंबाई 21.25 किलोमीटर
बता दें, पिंक लाइन की कुल लंबाई 21.25 किलोमीटर है, जिसमें 18 स्टेशन हैं। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए एलिवेटेड कॉरिडोर में 6 स्टेशन हैं, जबकि अंडरग्राउंड हिस्से में 12 स्टेशन होंगे. फिलहाल इसका निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन से आईआईएम बेंगलुरु समेत कई संस्थानों तक लोगों का पहुंचना आसान होगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन बेंगलुरु और कर्नाटक के विकास के लिए बहुत ही खास है। उन्होंने कहा, 'आज यहां 15 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत हो रही है। इन परियोजनाओं में मेट्रो, रेलवे और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े काम शामिल हैं। पीएम ने कहा कि मेट्रो से बिजली और ऊर्जा से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इससे राज्य के बुनियादी ढांचे को भी मजबूती मिलेगी।

कर्नाटक के विकास को मिलेगी रफ्तार : पीएम मोदी ने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाओं से कर्नाटक के विकास को रफ्तार मिलेगी और इससे विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही, शहर के कई कारोबारी और व्यावसायिक इलाकों के बीच भी कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

सीएम शिवकुमार के साथ किया मेट्रो में सफर
पीएम मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मिलकर इन नई सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। दोनों ने साथ में मेट्रो ट्रेन में सफर भी किया। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने प्रधानमंत्री को 'डबल-डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर' के फायदों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर में मेट्रो रेल लाइन के साथ-साथ एक फ्लाईओवर भी है, जिससे शहर में ट्रैफिक की समस्या कम होगी।

छठ पर्व का आरंभ.....चार दिन तक होगी सूर्य उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



देशभर में शुक्रवार से चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत हो गई। सूर्य उपासना और संतान के सुख-समृद्धि से जुड़े इस पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से मनाया जाने वाला यह पर्व अब देश के अन्य हिस्सों में भी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। छठ पर्व में व्रती शुद्धता और सात्विकता के नियमों का पालन करते हैं। नहाय-खाय के दिन स्नान के बाद चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी ग्रहण की जाती है। 14 नवंबर को खरना होगा, जिसमें दिनभर उपवास के बाद गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। इसके बाद करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। 15 नवंबर को डूबते सूर्य और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मान्यता है कि छठी मैया और सूर्य देव की आराधना से संतान को आरोग्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

शताब्दी एक्स. में बैंडेज के एवज में टीटीई ने मांग लिए 200 रुपए
नई दिल्ली। शताब्दी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला की अंगुली कटने पर उसे प्राथमिक उपचार के लिए बैंडेज तक नहीं मिल सका। यात्री की शिकायत के बाद रेलवे स्टाफ ने अगले स्टेशन पर डॉक्टर से जांच कराने की बात कही और इसके लिए 200 रुपए देने को कहा। अवधेश कौशल नाम के यात्री ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपना अनुभव बताया। उनके पास बैठी महिला की अंगुली कट गई थी। बैंडेज के लिए उन्होंने पहले पैंट्री स्टाफ से संपर्क किया, लेकिन वहां उपलब्धता नहीं होने की बात कही गई। इसके बाद उन्होंने रेल मदद पर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि टीटीई ने चोट को मामूली बताते हुए 200 रुपए में डॉक्टर से जांच कराने की बात कही। यात्री के विरोध के बाद गार्ड कोच से बैंडेज मंगवाया गया और महिला को प्राथमिक उपचार मिला। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर रेलवे की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

असम दो करोड़ की याबा गोलियों सहित दो गिरफ्तार
गुवाहाटी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को असम के श्रीभूमि जिले में एक ऑटो रिक्शा से दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की याबा गोलियां जब्त कीं और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मादक पदार्थों की खेप पानिघाट बाजार में जब्त की गई।मुख्यमंत्री ने अक्सर कुछ जगहों पर जाने से इनकार करने वाले ऑटो रिक्शा चालकों पर कटाक्ष करते हुए लिखा, आमतौर पर ऑटो वाले भैया मंजिल तक जाने से मना कर देते हैं। इस बार असम पुलिस ने ऐसा किया।'उन्होंने लिखा, श्रीभूमि पुलिस ने पानिघाट बाजार में एक ऑटो रिक्शा को रोका और उसमें से दो करोड़ रुपये मूल्य की 20,000 याबा गोलियां जब्त कीं। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, असम पुलिस ने अच्छा काम किया!

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

Government of Maharashtra
Labour Department
Maharashtra Building and Other Construction Workers Welfare Board
MMTC House, 5th Floor, C-22, E Block, BKC, Bandra (E), Mumbai-51
Telephone No. (022) 26572631/32 Email - bocwwboardmaha@gmail.com

Notice for e-Tender

Selecting Agency to Supply, Delivery and Arranging Distribution at Selected Points of Basic Item Kit for Children from 1st Class to 8th Class of Registered MBOCWW Beneficiary in Maharashtra

Maharashtra Building and Other Construction Workers Welfare Board, Labour Department, Government of Maharashtra invites proposals from reputed and experienced companies/ firms to participate in the competitive bidding process for Selecting Agency to Supply, Delivery and Arranging Distribution at Selected Points of Basic Item Kit for Children from 1st Class to 8th Class of Registered MBOCWW Beneficiary in Maharashtra.

For the detailed Tender document, interested bidders should visit https://mahatenders.gov.in

Tender submission would be online and the deadline to submit the proposals is dt.07.12.2026 till 06.55 PM.

Date: 14.11.2026
Place: Mumbai

Sd/-
(Vivek Kumbhar)
Secretary cum CEO,
Maharashtra Building and Other Construction Workers Welfare Board, Mumbai

आर.ओ.सी. 2026-27/क्र. 5/C 3776

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 19/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2026-27 भोपाल, दिनांक 11/11/2026

मध्य प्रदेश लो.नि.वि. द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रं.	कार्य की अनु. राशि (रु.लाख में)	ई.एम.डी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु ।
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_548707_1	अनूपपुर	पुल कार्य	अनूपपुर जिले के अंतर्गत अनूपपुर जैतपुर मार्ग के कि. मी. 3/8 में सोन नदी पर पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य ।	द्वितीय	1029.06	केवल ऑन-लाईन
2	2026_PWDRB_548708_1	शहडोल	पुल कार्य	शहडोल जिले के अंतर्गत मैका-लफदा - चुहिरी मार्ग के कि.मी. 9/10 में सोन नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य ।	द्वितीय	1024.39	केवल ऑन-लाईन
				कुल योग		2053.45	

निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त क्रय किया जा सकेगा निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02/12/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र
भोपाल

G- 21423/26

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

:: ई-निविदा (संक्षिप्त) आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक / निर्माण / आ.वि. / 2026 / 5345 / / अम्बिकापुर दिनांक-12.11.2026

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग जिला - सरगुजा अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु ई-टेडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर दिनांक 15.12.2026 तक ऑनलाईन प्रथम जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा कार्य की कुल राशि
203835 से 203841	विभागीय छात्रावास / आश्रम, शासकीय भवनों एवं विशिष्ट संस्थाओं में अनुरक्षण / लघुनिर्माण कार्य पृथक-पृथक कुल 07 जोन	20,00,000=00 (प्रति जोन)

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
अम्बिकापुर

G-262704503/4

CAVEAT NOTICE
IN THE HIGH COURT OF CHHATTISGARHAT BILASPUR (CHHATTISGARH)

CAVEATOR / PROPOSED RESPONDENT: Chhattisgarh Mineral Development Corporation Limited (CMDC)

VERSUS

Caveatee / PROPOSED PETITIONER: General Public in the State of Chhattisgarh

CAVEAT UNDER SECTION 142 OF THE CHHATTISGARH HIGH COURT RULES, 2007

The caveator named above most respectfully begs to submit as under:-

That the caveator is Chhattisgarh Mineral Development Corporation Limited (CMDC), which has issued Advertisement No. 01/Establishment/CMDC/2026, Nava Raipur, dated 28/10/2026 (विज्ञप्ति क्रमांक-01/ स्थापना/ सीएमडीसी./2026, नवा रायपुर, दिनांक 28.10.2026), inviting online applications through the Indian Institute of Management (IIM), Raipur, for recruitment to the vacant posts of Manager (Mines), Assistant Geologist, Manager (Mechanical Engineer), Manager (Electrical Engineer), Assistant Manager (Mines), Assistant Manager(Marketing), Junior Foreman, Mining Mate, Blaster and Mate Helper through direct recruitment.

That any person aggrieved by the aforesaid recruitment process or the advertisement may prefer a writ petition before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh at Bilaspur and may seek interim relief, including stay of the recruitment process. It is, therefore, prayed that in the event of any writ petition being filed by any aggrieved person challenging the aforesaid advertisement or recruitment process, the caveator/proposed respondent may kindly be permitted to appear through its counsel and oppose the petition as well as any application for interim relief filed along with the same. The caveator has engaged Shri Trivikram Nayak, Advocate, as its counsel to appear and argue on its behalf and oppose the grant of any interim relief in the matter. It is, therefore, most respectfully prayed that this Hon'ble Court may kindly allow this application and direct that a copy of any such petition/application, if filed by the proposed petitioner, be supplied to the counsel for the caveator before passing any order granting interim relief, in the interest of justice.

Trivikram Nayak, Advocate,
Rama Valley, Bilaspur,
Bilaspur, Chhattisgarh (495220)
S-49780/1

(Trivikram Nayak, ADVOCATE)
COUNSEL FOR THE
CAVEATOR / CMDC

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास विभाग) कबीरधाम (छ.ग.)
E-mail id - actd.kabeerdham@gov.in

:: (Zonal Ternder) प्रथम आमंत्रण ::

क्रमांक/आजाक/ लघु निर्माण/2026-27/DIS/172566/2026 कबीरधाम, दिनांक 06/11/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "D" एवं उच्च श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) जिला - कबीरधाम के विकासखंड बोड़ला, पंडरिया, कवर्धा एवं स. लोहारा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित छात्रावास / आश्रमों भवनों में, अनुरक्षण एवं लघु निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन eproc.cgstate.gov.in में निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित किया जाता है ।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम स्थल	कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष की अनुमानित लागत प्रत्येक ग्रुप की लागत राशि (लाखों में)	आनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	8
1	203739	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि.खं. बोड़ला के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य ग्रुप "अ"	20.00	27/11/2026
2	203740	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि.खं. पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य ग्रुप "ब"	20.00	27/11/2026
3	203741	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि.खं. कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य ग्रुप "स"	20.00	27/11/2026
4	203742	विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 वि.खं. कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य ग्रुप "द"	20.00	27/11/2026

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम

G- 262704484/3

शब्द पहेली - 6406



बाएँ से दाएँ
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

ऊपर से नीचे
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

शब्द पहेली- 6405 का हल

ल	ब	■	ब	स	■	धा	गा	■	ह	य
व	ह	म	■	ब	म	■	ना	ला	■	ह
■	न	म	न	■	जा	न	■	र	मा	■
ना	■	ता	क	त	■	शा	न	■	ता	त
क	मी	■	ल	ल	ना	■	म	न	■	न
■	न	ख	■	वा	च	क	■	ल	क्ष	■
स	■	र	वा	■	ना	म	क	■	मा	दा
खा	द	■	त	र	■	र	ह	न	■	म
■	म	स्त	■	मा	न	■	वा	ह	क	■
दा	■	र	स	■	था	र	■	र	च	ना
स	दा	■	च	क्षु	■	न	भ	■	रा	ल

सूडोकु नवताल - 6416

कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6415 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

केदार, बैज, चंदन, दिनेश, लखमा व कर्मा परिवार की सुरक्षा घटाई गई

लगभग 50 नेताओं को मिली एक्स श्रेणी की सुरक्षा पूरी तरह समाप्त

नक्सलवाद समाप्त होने के बाद नेताओं की घटी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश से नक्सलवाद के सफाए व नक्सलमुक्त होने के लगभग सात माह बाद कई नेताओं की सुरक्षा समाप्त कर दी गई है, वहीं जेड प्लस से लेकर एक्स श्रेणी की सुविधा ले रहे नेताओं की श्रेणी कम कर दी गई है। इन नेताओं में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त केदार कश्यप, दीपक बैज, चंदन कश्यप व कर्मा परिवार की सुरक्षा घटा कर जेड श्रेणी कर दी गई है। जिन नेताओं की सुरक्षा घटाई गई है, उनकी संख्या सौ से अधिक है। सूत्रों के अनुसार नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद अब जिन नेताओं को सुरक्षा मुहैया कराई गई थी, उनमें अधिकांश की श्रेणी कम कर दी गई है, वहीं एक्स श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त लगभग 50 नेताओं की सुरक्षा समाप्त कर दी गई है। लगभग माह भर पूर्व गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी इस बात को स्वीकार किया था कि नक्सलवाद खत्म हो चुका है तो अब नेताओं की सुरक्षा को लेकर समीक्षा की जाएगी। प्रदेश में वीआईपी सुरक्षा को लेकर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी की 23 जुलाई 2026 को बैठक हुई थी। इस बैठक के फैसलों के आधार पर गृह विभाग ने सप्ताह भर पूर्व यह आदेश जारी कर दिया है। नेताओं की सुरक्षा को लेकर जारी नए आदेश के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।

प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी की समीक्षा के बाद लिया निर्णय



जेड प्लस सुरक्षा घटाकर जेड श्रेणी की गई

बस्तर के बड़े नेताओं की बात करें तो वन मंत्री केदार कश्यप, दीपक बैज, चंदन कश्यप तथा कर्मा परिवार के देवती कर्मा के अलावा स्वर्गीय महेंद्र कर्मा के पुत्र छविंद्र कर्मा, आशीष कर्मा और दिव्यराज कर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा समेत सभी सदस्यों को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। नक्सलवाद के समाप्त होने के बाद अब इन नेताओं की श्रेणी कम करते हुए जेड श्रेणी कर दी गई है।

बस्तर के इन नेताओं की सुरक्षा कम और समाप्त

बस्तर के जिन अन्य नेताओं को विभिन्न श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई थी इनकी भी कुछ नेताओं की सुरक्षा घटाई गई तो कुछ की समाप्त कर दी गई है। इनमें पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, अजजा आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, योगेन्द्र पाण्डे, धनीराम बारसे, कोरसा सन्नू, विश्वराज सिंह, हुंगाराम मरकाम, श्रीनिवास मुदलियार जिला अध्यक्ष भाजपा बीजापुर, कमलेश मण्डावी, लव कुमार रायडू, फूलचंद गागड़ा, घासीराम नाग, जगर लक्ष्मैया, संजय लुक्कड़, सुधीर पाण्डेय, मनीष सुराना, रामू नेताम, कमला नाग, जशवीर नेगी, संतोष गुप्ता, कामो कुंजाम, सत्यजीत सिंह चौहान, कुलदीप ठाकुर, सोमडू कोर्राम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जसकेतू उसेंडी, देवलाल दुग्गा, मनीराम कश्यप, जी वेंकट, मोनिका शाह, श्यामल मंडल कांकेर, बलदेव उरसा, हरीश निषाद, सुमित भदौरिया, पी विजय कुमार, अभिलाष तिवारी, विजय तिवारी, राजेश कश्यप, विक्रम शाह मण्डावी, रेखचंद जैन, मोहन मरकाम,कवासी हरीश व अन्य नेता शामिल है।

136 बीजीएल सेल, नक्सल सामग्री बरामद

जगदलपुर। बीजापुर जिले के थाना पामेड़ एवं गंगालूर क्षेत्र में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में माओवादी डम्प की बरामदगी की गई है। संयुक्त टीम द्वारा बड़ी मात्रा में बीजीएल सेल व नक्सल सामग्री बरामद कर इलाके को सुरक्षित करने लगातार कार्रवाई की जा रही है। पामेड़ क्षेत्र के जंगलों में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग के दौरान नक्सलियों का डंप बरामद किया है। बरामद डंप में 103 नग बीजीएल बम सहित माओवादी सामग्री मिली है। यह कार्रवाई डीआरजी, डॉग स्क्वाड (K-9) एवं 208 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने की है। वहीं जिले के गंगालूर क्षेत्र के FOB कुप्पागुड़ा के जंगलों में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग के दौरान 2 माओवादी डंप से 33 नग बीजीएल सेल एवं 1400 फीट कार्डेक्स वायर सहित माओवादी सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई केरिपु 199/एफ, डॉग स्क्वाड (K-9) वेस्पा एवं 204 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने की है। बताया जा रहा है कि खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए संयुक्त सर्च ऑपरेशन में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई BGL सेल, कार्डेक्स वायर एवं अन्य सामग्री बरामद की गई।

IIIT-Naya Raipur Foundation for Technology Business Incubation & Entrepreneurship
Sector-24, Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh

Recruitment Notice

IFTBIE is a not-for-profit company. It invites online applications from eligible and interested candidates for recruitment to following positions on purely temporary and contractual basis for its AI-Centre of Excellence:

1. Research Lead(Data Scientist) 2. Marketing & Business Dev. Manager
3. Full Stack Developer 4. Junior Research Fellow (JRF)
5. Account-cum-HR Manager 6. Project Assistant,
7. Support Staff

For details including last date of application and other updates please visit the website of IFTBIE: https://www.iftbie.co.in/.

CEO, IFTBIE

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

॥ ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ॥

क्र./1553/लो.क.वि./न.पा./2026 कुम्हारी, दिनांक 12/11/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	अनु.ला. (लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
203825	वार्ड क्र.–02 आजाद चौक से दशरथ मानिकपुरी घर तक बी.टी.रोड निर्माण एवं दशरथ मानिकपुरी घर के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	24.21	04.12.2026
203827	वार्ड क्र.–02 घनश्याम पान ठेला से आम बगीचा के पीछे तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	27.03	04.12.2026
203828	वार्ड क्र.–02 मलिया पारा में सी.सी.रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	10.00	04.12.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा

दीवारें फांदकर घरों में घुसा भालू मचाया उत्पात, सहमे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के ग्राम तरौद में इन दिनो ग्रामीणो को भालू के भय से दो चार होना पड़ रहा है। जहां भालू देर रात घरो के ऊंचे पर्दे लांघकर घरो में प्रवेश कर सामानो को तोड़ फोड़ करने के साथ घरेलू सामानो को नुकसान पहुंचा रहे है। बीते एक सप्ताह से ग्राम तरौद में भालू का आतंक देखने को मिल रहा है। जहां देर रात ग्राम में पहुंचकर भालू घरो के ऊंचे पर्दो को लांघकर दरवाजो को तोड़कर घरो में रखे सामानो को नुकसान पहुंचाते दिख रहा है। जिसके कारण ग्रामीण भय के साए में रात गुजारने को मजबूर है। बीते रात ग्राम तरौद निवासी दीपक विश्वकर्मा के घर देर रात 12 बजे भालू घर के दीवाल को पार कर



अंदर घुस गया तथा घर के कच्चे मकान में लगे दरवाजे को तोड़कर किचन में प्रवेश कर वहां रखे शक्कर और तेल को चट कर गया। जब वे उठे तो उन्होने देखा कि घर के रसोई में भालू घुसा हुआ था, जहां भालू के डर से घर वाले अपने कमरे में दूबक कर रहने को मजबूर थे, जहां आधे घंटे से भी ज्यादा समय तक भालू उत्पात मचाने के बाद भाग गया।

मुनादी कराकर ग्रामीणों को किया सचेत

इसी प्रकर का नजारा ग्राम के एक अन्य ग्रामीण गणेश निशाद तथा अटल चौक मोहल्ला में भालू ने 4 से 5 घरों के यहां भी उत्पात मचाया है। ऐसे में घरो के ऊचे पर्दे लांघकर भालू के घरो में घुसने से ग्रामीण डर के साए में रात गुजारने को मजबूर है। जिसके संबंध में लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणो को सचेत रहने की सलाह ग्राम पंचायत द्वारा दी जा रही है। ग्राम पंचायत तरौद द्वारा मुनादी कराकर बताया जा रहा है, कि रात 10 बजे के बाद इधर–उधर न निकलें। अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा स्वयं करें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। घर के दरवाजे–खिड़की रात में बंद करके रखें। भालू दिखने पर उसे छेड़ें नहीं, पत्थर न मारें और तुरंत पंचायत को सूचित करें।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व

दुनिया का सबसे छोटा और दुर्लभ मूसक हिरण दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बेहद सुखद और उत्साहजनक खबर सामने आई है। वन भैंसों की अठखेलियों के लिए दुनियाभर में विख्यात इस टाईगर रिजर्व के जंगलों में हिरण प्रजाति के सबसे दुर्लभ माने जाने वाले मूसक हिरण की कई तस्वीरें ट्रैप कैमरों में कैद हुई हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद से वन विभाग और वन्यजीव विशेषज्ञों में खुशी की लहर है। कुछ वर्ष पहले भी ट्रैप कैमरे मे मूसक हिरण की तस्वीर कैद हुई थी।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रैप कैमरों में कैद तस्वीरें एक या



एक से अधिक मूसक हिरण की हो सकती हैं। अभयारण्य प्रशासन ने इन जीवों की सही संख्या, लिंग और उनकी स्थिति का सटीक आकलन करने के लिए इन तस्वीरों को वन्यजीव विशेषज्ञों के पास विश्लेषण हेतु भेज दिया है। उपनिदेशक ने कहा कि उदंती के जंगलों में पहले भी मूसक हिरण की मौजूदगी के संकेत मिले थे, लेकिन अब इनकी तस्वीरों के सामने आने से इनके संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत और बढ़ गई है।

बेहद अनूठा और छोटा है यह जीव

प्रकृति की गोद में पलने वाला यह मूसक हिरण अपनी खासियतों के कारण अन्य वन्यजीवों से बिल्कुल अलग है इनका आकार और वजन इसकी ऊंचाई महज एक फीट के आसपास और वजन मात्र 3 किलोग्राम होता है। यह देशभर में हिरण प्रजाति की सबसे छोटी प्रजाति है। ये एकांतप्रिय स्वभाव अन्य सामान्य हिरणों की तरह यह झुंड में रहने के बजाय अकेले ही रात के समय सुरक्षित और एकांत वातावरण में विचरण करना पसंद करता है। मूसक हिरण के अस्तित्व को सुरक्षित रखने और शिकारियों से बचाने के लिए अब उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अनूठी पहल शुरू की है। अभयारण्य के आसपास बसे गांवों में ग्रामीणों के लिए विशेष सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि स्थानीय लोगों को इस दुर्लभ जीव के महत्व के बारे में बताकर उन्हें इसके संरक्षण से जोड़ा जा सके।

तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज : बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाबालिग के कथित यौन शोषण और देह व्यापार के मामले में तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी हैं। पीड़िता के भाई ने नौकरी के सिलसिले में विशाखापट्टनम जाने के बाद उसे उसकी मौसी की देखरेख में छोड़ा था। आरोप है कि मौसी ने उसे पैसों का लालच देकर लोगों के पास भेजना शुरू कर दिया था।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

SLR कोचों में पार्सल स्पेस के लिए ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी क्र.: G27/138/Parcel SLR/E-Auction/2026/3 दिनांक: 12.11.2026

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल, **भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS)** के माध्यम से पार्सल स्पेस को लीज़ पर देने के लिए ई-नीलामी (e-Auction) आयोजित कर रहा है। इसमें भाग लेने के इच्छुक बोलीदाताओं से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। विवरण इस प्रकार हैं:

Sr.	Lot No. / Category	Description
1	12106-SLR-R1-G-CSMT-26-2 (Parcel SLR)	Parcel Space in Rear SLR Coach (Single compartment) of Train No. 12106 Ex. Gondia to CSMT for 3 years
2	12856-SLR-R1-NITR-BSP-26-1 (Parcel SLR)	Parcel space in Rear SLR Coach (Single compartment) of Train No. 12856 (Ex.NITR-BSP) for 3 years

नीलामी का तरीका: IREPS के वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी
ई-नीलामी की तारीख: दिनांक 27.11.2026 | ई-नीलामी समय: 12.00 बजे

इच्छुक बोलीदाताओं को IREPS पोर्टल पर **"ई-ऑक्शन लीजिंग"** मॉड्यूल के तहत अपना पंजीकरण कराना होगा। वे **भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS)** के माध्यम से ई-ऑक्शन (e-Auction) में भाग ले सकते हैं। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने से पहले संबंधित लॉट (Lot) का विस्तृत विवरण, पात्रता शर्तें, अनुबंध की मानक शर्तें (Standard Conditions of Contract) और अन्य लागू नियमों व शर्तों को ध्यान -पूर्वक पढ़ लें। लॉट से जुड़ी विस्तृत जानकारी, जिसमें ऑक्शन शेड्यूल और अन्य नियम व शर्तें शामिल हैं, IREPS पोर्टल पर **'ऑक्शन कैटलॉग नंबर: पार्सल-NGP-26'** के अंतर्गत उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

D360S/49-183

swacch bharat - keepindiaclean

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

"रूचि की अभिव्यक्ति" अनुलग्न–अ

ई.ओ.आई. सं.: COM/BSP/Parcel/LSPs/26/01

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, बिलासपुर मंडल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक लॉजिस्टिक सेवा प्रदाताओं (LSPs) से पंजीकरण एवं ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करते हैं, जिसके अंतर्गत LSPs के स्वयं के ऐप का 'रेल पार्सल ऐप – घर से घर तक' के साथ API के माध्यम से एकीकरण किया जाएगा, ताकि ऑनलाइन बुकिंग एवं डिजिटल भुगतान के माध्यम से प्रथम–मील पिकअप, अंतिम–मील डिलीवरी एवं अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं सहित भारतीय रेलवे पर निर्बाध, एंड–टू–एंड पार्सल सेवाएं प्रदान की जा सके।

संपूर्ण विवरण (नियम एवं शर्तें) रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग परिपत्र सं. 27/2026, जो पत्र सं. 2025/TC (FM)/11/13 दिनांक 26.10.2026 द्वारा जारी किया गया है, में उपलब्ध है।

इच्छुक LSPs अपना विधिवत सील बंद एवं हस्ताक्षरित आवेदन, LSP के आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं GSTIN की स्व–अभिप्रमाणित प्रतियों सहित, अपने स्वयं के ऐप के विवरण के साथ, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय के पार्सल अनुबंध अनुभाग में दिनांक 30.11.2026 तक, 10:00 बजे से 16:00 बजे के बीच जमा कर सकते हैं।

रेलवे बोर्ड का फ्रेट मार्केटिंग परिपत्र सं. 27/2026, जो पत्र सं 2025/TC (FM)/11/13 दिनांक 26.10.2026 द्वारा जारी किया गया है, आवेदन प्रारूप सहित अन्य विवरण के साथ दिनांक 25.11.2026 तक वेबसाइट: www.secr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया जाएगा।

इच्छुक LSPs आगे की पूछताछ हेतु एवं आवेदन प्रारूप की हार्ड कॉपी के लिए इस कार्यालय में भी आ सकते हैं। यह EOI कम से कम एक वर्ष तक अथवा LSPs की पंजीकरण प्रक्रिया के अंतिम रूप दिए जाने तक, जो भी पहले हो, लागू रहेगी।

सीपीआर/10/492 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय प्राधिकृति अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व) बागबाहरा जिला – महासमुन्द (छ.ग.)

क्रमांक 4886/पट्टाधृति/2026 बागबाहरा, दिनांक :-13/11/2026

// दावा – आपत्ति सूचना //

छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 एवं नियम 2023 के अंतर्गत इस नगरीय निकाय क्षेत्र में शासकीय भूमि पर दिनांक 20.08.2017 से लगातार काबिज आवासहीन व्यक्तियों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसके अनुसार 774 हितग्राहियों का सर्वे कार्य किया गया था। उक्त हितग्राहियों में से नियत समय में नगर पालिका क्षेत्र में मुनादी के उपरांत हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण पश्चात कुल 40 हितग्राहियों पात्र एवं शेष 734 हितग्राही अपात्र पाये गये है।

उक्त पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की वार्डवार सूची इस कार्यालय के सूचना फलक पर एवं नगर पालिका कार्यालय के सूचना फलक पर अवलोकन हेतु चस्पा/प्रकाशित कर दी गई है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सूची के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को अपना नाम पात्र सूची में सम्मिलित करने हेतु दावा प्रस्तुत करना हो अथवा अपना नाम अपात्र सूची में होने विरुद्ध अथवा किसी अन्य व्यक्ति का नाम पात्र सूची में गलत रूप से सम्मिलित होने के विरुद्ध आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे अपना दावा – आपत्ति दिनांक 13.11.2026 से 21.11.2026 तक समय संध्या 05:00 बजे तक स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में मय दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि 21.11.2026 के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

प्राधिकृति अधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नगर पालिका परिषद बागबाहरा
जिला – महासमुन्द (छ.ग.)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद
ecmidhus-ecmr-jhr@nic.in

पत्रांकः– 585 हुसैनाबाद, दिनांक–13/11/2026

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक–553, दिनांक–24.10.2026 द्वारा आमंत्रित E-Tender Reference No:- WRD/MID/HUSSAINABAD/S.B.D/01/2026-27(Renovation Of Sukhnadia M.I. Scheme,Vill:-Sarma,Block:-Chhatarpur,Dist:-Palamu) जिसका PR.No.392427 District (26-27):D है, उक्त निविदा की तिथि मे अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधन किया जाता है:–

क्र0 सं0	विवरणी	पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय	संशोधित तिथि एवं समय
1	Date of publicationof tender on Website (https://jharkhandtenders.gov.in)	10.11.2026	14.11.2026 At-5.00PM
2	Period of downloading/uploading of bid document on website (https://jharkhandtenders.gov.in)	From 10.11.2026 To 26.11. .2026	From 14 .11.2026 To 30.11 .2026
3	Last date and time for receipt of bid	Date: -26.11.2026 Time :-3.00 PM	Date: -30.11 .2026 Time :-3.00 PM
4	Time and date of opening Technical Bids	Date: - 28.11 .2026 Time: -04 .00 PM	Date: - 01 .12 .2026 Time: -04 .00 PM

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

PR.NO.393865 District(26-27):D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची

निदेशालय पत्रांकः–1424 दिनांकः–13.11.2026

PR 393088 Labour Employment and Training (26-27)_D

Corrigendum

सूचित किया जाता है कि PM-SETU योजनान्तर्गत Anchor Industry Partner (AIP) के चयन हेतु Jharkhand e-Tender Portal (https://jharkhandtenders.gov.in) के माध्यम से प्रकाशित Tender Reference No.-5/TRG(PM-SETU)-17/2026, Tender ID- 2026_LABOR_120535_1 के आलोक में दिनांक–12.11.2026 को Pre-Bid Meeting आयोजित की गई थी। Pre-Bid Meeting में विभिन्न उद्योग प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव के आलोक में उक्त Tender के Last Date for Submission of Bids की तिथि 23 November 2026 से बढ़ाकर 14 December 2026 अपराह्न 04:00 PM की जाती है तथा Technical Qualification Bids Opening Date/Time 15 December 2026 अपराह्न 05:00 PM की जाती है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची

PR 393853 Labour Employment and Traning(26-27) D"

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका

प्रश्नपत्र–सह–उत्तर पुस्तिका तथा प्रगति–पत्रक मुद्रण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना

निदेशक झारखण्ड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची से प्राप्त पत्र संख्या 1656 दिनांक 13.10.2026 में दिये गये निदेश के आलोक में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–27 में वर्ग 1–7 के विधार्थियों हेतु आयोजित अर्द्धवार्शिक परीक्षा के निमित प्रश्नपत्र–सह–उत्तर पुस्तिका तथा प्रगति–पत्रक मुद्रण हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। वैसे निविदादाता जो निविदा प्रपत्र में अंकित शर्तो के अधीन उक्त आमंत्रित निविदा में भाग लेने के इच्छुक हो, वे अपना निविदा द्विलिफाफा पद्धति के तहत् डाल सकते हैं। निविदा प्रपत्र जिला कार्यालय से दिनांक 13.11.2026 से दिनांक 25.11.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच 1,000/–(एक हजार) रूपये का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। (1000/–(एक हजार) रूपये का डिमांड ड्रॉफ्ट किसी भारतीय अधिसूचित वाणिज्यक बैंक से JEP-SSA, DUMKA के नाम से जारी तथा दुमका में भुगतेय होना चाहिए)। भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक 26.11.2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक जमा लिया जायेगा तथा निविदा उक्त तिथि को ही क्रय समिति के समक्ष अपराह्न 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट पर एवं जिला के वेबसईट (https://dumka.nic.in) पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दुमका

PR 393795 (Human Resource Developement)26-27*D

कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा), जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

::सार्वजनिक सूचना ::

क्रमांक / 1478/ भू-अर्जन/ 2026 कबीरधाम, दिनांक 05/11/ 2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत-**भोरमदेव सकरी फीडर नहर विस्तारीकरण के अंतर्गत नहर निर्माण कार्य ग्राम-बददो, प.ह.न. 32, रा.नि.मि.-राजानवागांव, तहसील-बोडला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)** के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा सकता है :-

क्र.	प्रस्तावित भू धारक का नाम/जाति	भूमिका प्रकार	खसरा नं.	कुल रकबा (हे.में.)	अर्जित रकबा (हे.में.)
1	जगदेव, रैनी बाई पिता बृजलाल	सिंचित	95/4	0.494	0.105
2	सरजू पिता बल्देव	सिंचित	95/7	0.396	0.105
3	निपेंद्र कुमार पिता गोविन्द	सिंचित	96/1	0.158	0.036
		सिंचित	97/2	1.375	0.142
4	संतोष, दशरथ, बैसाखू वर्मा पिता रामभरोसा, शुभयतीन पति रामभरोसा	सिंचित	96/3	0.170	0.051
5	चिन्तामणी पिता हरिचन्द पटेल, सुरेन्द्र (ना.ब.) पिता हरिचन्द	सिंचित	98/9	0.344	0.057
		सिंचित	98/13	0.344	0.057
6	बुधारी पिता मदन	सिंचित	98/5	0.344	0.051
7	हरिचंद पिता बिसौहा, सुखबती पिता बिसौहा, ईश्वरी ,रोशन, युवराज, प्रहलाद पिता कंवल नारायण	सिंचित	98/1	0.582	0.069
		सिंचित	98/2	0.654	0.069
		सिंचित	117/4	0.462	0.043
8	हरिचंद पिता बिसौहा	सिंचित	117/2	0.154	0.042
9	नाबा.विवेककुमार, दररो पिता बिरेन्द्र कुमार	सिंचित	98/17	0.203	0.057
10	शत्रुहन वल्द साधू	सिंचित	115/2	0.412	0.035
11	संतराम पिता साधू	सिंचित	115/3	0.202	0.024
12	रघुनंदन पिता रामनाथ	सिंचित	116/1	0.162	0.026
13	शिवकुमार पिता रामनाथ	सिंचित	116/2	0.162	0.026
14	पल्लूराम पिता महगू, थानू राम पिता महगू	सिंचित	119/1	0.202	0.038
15	प्रियंवदा पति शिवकुमार	सिंचित	119/4	0.243	0.028
16	रमदिसाया पिता लल्लू	सिंचित	119/3	0.271	0.030
17	बद्री पिता रामदुलारे	सिंचित	120/1 (ठ)	2.352	0.105
18	चद्रकुमार पि रामप्रकाश,	सिंचित	120/1 (त)	0.466	0.039
19	सुलोचना वर्मा पिता रामप्रकाश	सिंचित	120/17	0.02	0.02
20	अंजनी वर्मा पिता रामप्रकाश	सिंचित	120/18	0.02	0.02
21	श्याम प्रसाद पिता लखन, लक्ष्मनी पिता श्याम प्रसाद	सिंचित	120/1 क	0.506	0.104
22	आनंद पिता द्वारिका	सिंचित	68/1 (ख)	0.841	0.100
23	मकसूदन माता रामकुंवर, रतन माता रामकुंवर, मुन्नीबाई माता रामकुंवर पिता जुठैल	सिंचित	68/4	1.033	0.214
24	लल्लू पिता लखन	सिंचित	120/1 ल	0.381	0.008
25	शिवप्रसाद पिता लखन	सिंचित	120/1 भ	0.482	0.016
26	कृष्णा, विष्णु, अमरीका पिता निशान कुन्तराम सुन्दर, मंतराम पिता दुकलहा, बननीन, रामकली, रामप्यारी, मंगलैतिन, रामफूल पिता कमोद	सिंचित	67/3	0.736	0.170
27	सरोज वर्मा पिता शिवप्रसाद	सिंचित	120/9	0.008	0.008
28	शकुंतला वर्मा पति पारस वर्मा	सिंचित	120/10	0.008	0.008
29	पारस पिता शिवप्रसाद	सिंचित	120/11	0.008	0.008
30	कविता वर्मा पिता शिवेन्द्र वर्मा	सिंचित	120/12	0.036	0.036
31	शिवेन्द्र कुमार वर्मा पिता बद्रीप्रसाद वर्मा	सिंचित	120/13	0.04	0.04
32	अमन पिता लल्लू	सिंचित	120/14	0.008	0.008
33	क्याधू वर्मा पति आकांश वर्मा	सिंचित	120/15	0.008	0.008
34	प्रेमलता पति लल्लू	सिंचित	120/16	0.008	0.008
-	कोटवारी सेवा भूमि (भागवत दास पिता स्व. कबीरदास)	सिंचित	113	0.987	0.077
	कुल योग		**39**	**15.282**	**2.088**

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

G- 262704501/1

भारत के पास ही हो उपग्रह संचार सेवाओं का 'रिमोट कंट्रोल' : मित्तल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारती एयरटेल के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत को अपनी धरती पर उपग्रह संचार सेवाओं को ''बंद और सीमित करने'' का नियंत्रण अपने हाथ में रखना चाहिए। सरकार उन सुरक्षा शर्तों पर अभी विचार कर रही है, जिनसे यह तय होगा कि देश में उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाएं कब शुरू होंगी।

- सरकार अभी उन सुरक्षा शर्तों पर विचार कर रही है

भारती एंटरप्राइजेज के 50 साल पूरे होने के मौके पर मित्तल ने कहा, किल स्विच, जैसा कि हम इसे कहते हैं, कहीं और नहीं होना चाहिए। भारत को अपने अंतरिक्ष भविष्य पर खुद नियंत्रण रखना चाहिए। किल स्विच' का मतलब संचालक के नियंत्रण तंत्र और 'ग्राउंड गेटवे' के जरिये किसी उपग्रह नेटवर्क की सेवा को बंद करने, उसकी गति सीमित करने या उस पर रोक लगाने की क्षमता से है।

भारत को अपने अंतरिक्ष भविष्य पर खुद नियंत्रण रखना चाहिए

स्टारलिंक के प्रवेश को लेकर बढ़ा विवाद

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब भारत के संभावित बड़े बाजार में प्रवेश के लिए उपग्रह सेवा संचालकों के बीच प्रतिस्पर्धा खुलकर सामने आ रही है। एलन मस्क की स्टारलिंक और भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए नियामकीय मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। यह टिप्पणी भारत में स्टारलिंक के प्रवेश को लेकर बढ़ते विवाद के बीच भी महत्वपूर्ण है।

मंजूरी, शर्तों के अनुपालन पर ही : सेवाएं शुरू करने से पहले स्पेक्ट्रम आवंटन और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन भी जरूरी है। भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब, रिलायंस की जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस और मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार के लाइसेंस मिल चुके हैं। सरकार का कहना है कि सभी सेवा संचालकों को समान नियामकीय और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। अंतिम परिचालन मंजूरी इन शर्तों के अनुपालन पर निर्भर करेगी।





नियम सभी कंपनियों पर समान रूप से लागू होंगे

सरकारी सूत्रों ने दोहराया है कि नियम सभी कंपनियों पर समान रूप से लागू होते हैं। हालांकि, मित्तल के लिए यह मुद्दा केवल कारोबारी प्रतिस्पर्धा और स्पेक्ट्रम आवंटन तक सीमित नहीं है। उपग्रह नेटवर्क तेजी से रणनीतिक बुनियादी ढांचे का हिस्सा बन रहे हैं। इसका राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य संचार और महत्वपूर्ण डेटा प्रवाह पर भारत के नियंत्रण से सीधा संबंध है।

यूक्रेन के उदाहरण से समझाया महत्व

मित्तल ने उपग्रह संचार के बढ़ते रणनीतिक महत्व को समझाने के लिए यूक्रेन का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''यूक्रेन स्टारलिंक का इस्तेमाल कर रहा है और अब वनवेब का भी इस्तेमाल कर रहा है।'' मित्तल ने कहा कि यूटेलसैट वनवेब के जरिये सुरक्षित संचार बुनियादी ढांचा विकसित करने के यूरोपीय संघ के प्रयासों से भी कंपनी पर ध्यान बढ़ा है।

सरकार ने सबसे पहले हमें लाइसेंस दिया

मित्तल ने कहा, 'सरकार ने सबसे पहले हमें लाइसेंस दिया था। हमने उसकी सभी आवश्यकताएं पूरी कर दी हैं और अब हम केवल उसके संकेत का इंतजार कर रहे हैं।' उन्होंने उम्मीद जताई कि वनवेब को वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने की पहली मंजूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार से अनुमति मिलते ही कंपनी सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार है।

उपग्रहों की भूमिका महत्वपूर्ण होते जाएगी : मित्तल ने युद्ध के बदलते स्वरूप का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन और साइबर अभियानों से लेकर निर्देशित मिसाइलों तक, हर क्षेत्र में उपग्रहों की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जाएगी। 'चाहे ड्रोन हों, साइबर से जुड़े मुद्दे हों या निर्देशित मिसाइलें, इन सभी का संचालन अंतरिक्ष से किया जाएगा। दुनिया के हर देश को अपनी सुरक्षा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।'

खबर संक्षेप

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.49 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.49 अरब डॉलर बढ़कर 719.547 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.691 अरब डॉलर घटकर 717.056 अरब डॉलर रहा था।

फ्यूजन सीएक्स का जर्मन कंपनी इम्पैक्स से करार



कोलकाता। ग्राहक अनुभव समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी फ्यूजन सीएक्स लिमिटेड ने जर्मनी की इम्पैक्स ग्रुप के अधिग्रहण के लिए समझौता किया है। कंपनी ने पश्चिमी यूरोप में कदम रखा है। इस अधिग्रहण से उसे जर्मन-भाषी बाजार में ग्राहक आधार मिलेगा, जहां अब तक उसकी अपनी परिचालन इकाइयां सेवाएं नहीं दे रही थीं।

ग्रासिम इंडस्ट्रीज को 234 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

नई दिल्ली। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 234 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा उठाना पड़ा। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 595 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी एवी ग्रुप एनबी इंक में निवेश के मूल्य में कमी और अनुमानित देनदारी के लिए प्रावधान के कारण उसे 766.7 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज करना पड़ा।

दो सुपरकंप्यूटिंग परिसर बनाएगी स्पेसएक्स

ह्यूस्टन (अमेरिका)। स्पेसएक्स ने टेक्सास और एरिजोना में कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए दो सुपरकंप्यूटिंग परिसर बनाने में 74 अरब डॉलर से अधिक निवेश करने की योजना की घोषणा की है। स्पेसएक्स ने बताया कि वह टेक्सास में सुपरकंप्यूटिंग सुविधा स्थापित करने के लिए 24 अरब डॉलर से अधिक और एरिजोना में एक अलग परिसर बनाने के लिए करीब 50 अरब डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के अनुसार, दोनों परियोजनाओं के लिए बिजली की अलग-अलग व्यवस्था होगी।

त्योहारी मांग घटने से सोने में ढाई हजार रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 2,500 रुपये टूटकर 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। दिवाली के बाद मांग में कमी और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार के 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) से 2,500 रुपये गिरकर शुक्रवार को 1,40,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी की कीमतों में भी पिछले सत्र में स्थिर रहने के बाद फिर गिरावट आई।

उद्योग निकाय सियाम ने जारी की रिपोर्ट

यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.19 लाख इकाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 5.19 लाख इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। अक्टूबर 2025 में यह आंकड़ा 4.62 लाख इकाई था।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, ''यात्री वाहन खंड ने अक्टूबर में अब तक का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया और मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया।''

- यात्री वाहन खंड में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन
- मासिक बिक्री में पांच लाख इकाइयों का आंकड़ा पार किया
- दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़ी



तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़ी

आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री अक्टूबर में 16.1 प्रतिशत बढ़कर 25.78 लाख इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 22.20 लाख इकाई थी। तिपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री 25.7 प्रतिशत बढ़कर 1.03 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले 82,190 इकाई थी।

पुराने वाहनों को बदलने मिला समर्थन

मेनन ने कहा कि ग्रामीण और शहरी, दोनों बाजारों में ऋण की बेहतर उपलब्धता तथा पुराने वाहनों को बदलने की मांग से दोपहिया वाहनों की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तिपहिया वाहनों के मामले में अंतिम छोर तक आवागमन की जरूरतें और लोगों का तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख करना क्षेत्र की वृद्धि के प्रमुख कारक बने हुए हैं।

निर्यात में 26 फीसदी का इजाफा

अक्टूबर में कुल घरेलू वाहन थोक बिक्री 15.7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 31.26 लाख इकाई रही। निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 6.82 लाख इकाई हो गया। अक्टूबर में वाहनों का कुल उत्पादन 28.6 प्रतिशत बढ़कर 36.19 लाख इकाई रहा। कुल घरेलू बिक्री, निर्यात और उत्पादन के साथ-साथ विभिन्न वाहन खंडों के आंकड़ों में बीएमडब्ल्यू मर्सिडीज, जेएलआर, टाटा मोटर्स और वोल्वो ऑटो के आंकड़े शामिल नहीं हैं।

स्कूटर की बिक्री 36 फीसदी से अधिक : टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री के आंकड़े केवल कुल यात्री वाहन बिक्री के आंकड़ों में शामिल हैं। दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री में वृद्धि मुख्य रूप से स्कूटर की वजह से रही। स्कूटर की बिक्री 31.6 प्रतिशत बढ़कर 10.97 लाख इकाई हो गई, मोटरसाइकिल की बिक्री 6.6 प्रतिशत बढ़कर 14.23 लाख इकाई रही।

अक्टूबर में खुदरा वाहनों की बिक्री घटी : इस महीने की शुरुआत में फाडा की ओर से जारी वाहन पंजीकरण अक्टूबर में वाहनों की खुदरा बिक्री 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख इकाई रह गई।

जीएसटी में कटौती के बाद मांग में तेज वृद्धि रही

इस साल धनतेरस और दिवाली नवंबर में आना अक्टूबर में वाहन पंजीकरण में गिरावट की मुख्य वजह रही। पिछले साल नवरात्र और दिवाली दोनों अक्टूबर में थे। साथ ही पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के बाद मांग में आई तेज वृद्धि का भी असर रहा था।

यात्री वाहनों का निर्यात 21.8 फीसदी बढ़ा

इस बीच, निर्यात के मोर्चे पर सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों का निर्यात 21.8 प्रतिशत बढ़कर 83,716 इकाई हो गया। दोपहिया वाहनों का निर्यात 26.5 प्रतिशत बढ़कर 5.44 लाख इकाई रहा। अप्रैल से अक्टूबर के दौरान यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 30.83 लाख इकाई रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 24.56 लाख इकाई थी।

शाकाहारी थाली हुई 12 प्रतिशत महंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



घर में तैयार होने वाली शाकाहारी थाली की लागत अक्टूबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़ गई। प्याज, टमाटर, चावल और खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि इसका प्रमुख कारण रही। वहीं, मांसाहारी थाली की लागत में अपेक्षाकृत कम नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। 'रोटी चावल कीमत' रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली की लागत पिछले साल अक्टूबर के 27.8 रुपये से बढ़कर इस साल 31.2 रुपये हो गई। इसी तरह मांसाहारी थाली की लागत 54.4 रुपये से बढ़कर 59.2 रुपये पहुंच गई। मासिक आधार पर अक्टूबर में शाकाहारी थाली की लागत एक प्रतिशत बढ़ी, जबकि मांसाहारी थाली की लागत एक प्रतिशत घट गई। प्याज की कीमतें सालाना आधार पर दोगुने से अधिक बढ़कर 53 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। रबी फसल के उत्पादन में पांच से छह प्रतिशत की गिरावट, भंडार में कमी और खरीफ फसल की आवक में देरी इसकी प्रमुख वजहें रहीं।

- अक्टूबर में मांसाहारी थाली भी हुई 9 फीसदी महंगी
- प्याज, टमाटर, चावल और खाद्य तेल की कीमतों में इजाफा

खाद्य तेल की कीमतों में 13 फीसदी का इजाफा

अच्छी और उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों की संभावित कमी को लेकर बाजार में अटकलों ने भी कीमतों को बढ़ाया। इस बीच, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और अल नीनो की स्थिति से पाम ऑयल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका के कारण खाद्य तेल की कीमतों में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

डायबिटीज से बचने खानपान और दिनचर्या में बदलाव जरूरी



रायपुर। बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और तनाव के कारण डायबिटीज तेजी से गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे बचाव के लिए केवल मीठे का सेवन कम करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित दिनचर्या और स्वस्थ आदतें अपनाना भी जरूरी है। हर साल 14 नवंबर को मनाया जाने वाला विश्व डायबिटीज दिवस इसी बीमारी के प्रति जागरूकता और समय पर जांच का संदेश देता है।

- डॉ. बरनवाल ने कहा, शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज न करे
- आज विश्व डायबिटीज दिवस, बीमारी के प्रति जागरूकता जरूरी

इट्सा हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर एवं कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन डॉ. राजकुमार बरनवाल के अनुसार, डायबिटीज से बचाव के लिए खानपान पर नियंत्रण के साथ शारीरिक सक्रियता, वजन संतुलित रखना और नियमित स्वास्थ्य जांच को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। लंबे समय तक बैठकर काम करना, अनियमित भोजन, कम नींद और लगातार तनाव भी मेटाबॉलिज्म को प्रभावित कर सकते हैं।

संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी

डॉ. बरनवाल के मुताबिक, भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दालें, प्रोटीन और साबुत अनाज शामिल करना चाहिए। मीठे पेय पदार्थ, तले हुए खाद्य पदार्थ और पैकेटबंद स्नैक्स का सेवन सीमित रखना चाहिए। नियमित पैदल चलना, व्यायाम, पर्याप्त नींद और योग या ध्यान के जरिए तनाव कम करना भी फायदेमंद है।

शुरुआती लक्षणों को न करें नजरअंदाज

टाइप-2 डायबिटीज कई बार लंबे समय तक बिना स्पष्ट लक्षणों के रह सकती है। अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, थकान, धुंधला दिखाई देना और घाव भरने में देरी इसके संकेत हो सकते हैं। फास्टिंग ब्लड शुगर और एचबीए1सी जांच से बीमारी की पहचान में मदद मिलती है। डॉक्टर की सलाह पर ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और किडनी की जांच भी करानी चाहिए। अनियंत्रित डायबिटीज से हृदय, किडनी, आंखों और नसों पर असर पड़ सकता है। समय पर पहचान, उचित उपचार और जीवनशैली में सुधार से इन जटिलताओं का खतरा कम किया जा सकता है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Requirement- A reputed school at Santoshi Nagar Raipur invites applications from qualified, experienced, candidates fluent in English for Vice Principal: Post Graduate + B.Ed / Bold personality with strong administrative skills, capable of managing school operations independently. HR Admin: MBA in HR / relevant discipline. Maths & S.St Teachers: Post Graduate / Graduate in relevant subjects with B.Ed. Email : rpsraipur123@gmail.com WhatsApp: 9425214413. (आरे-389)

ऑपरेटर

जेसीबी ऑपरेटर- सिलतरा प्लांट में जेसीबी मशीन चलाने हेतु आपरेटर की आवश्यकता है योग्यता हैवी लाइसेंस वेतन योग्यतानुसार **चंद्राकर ट्रेडर्स, ऊपर वारा नया रायपुर मो. न.- 9340686016, 9685545594.** (आरे-245)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ऑपरेटर/गार्ड

टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स, सिक्यूरिटी गार्ड चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 8357065592 8462933820

थेरेपिस्ट/नर्सिंग

आवश्यकता है- आयुर्वेद क्लिनिक पंचकर्म सेटर स्मृति नगर भिलाई 1.पंचकर्म थेरेपिस्ट - मेल - 2 , सैलरी -8000 2.ANM/GNM /BSC NURSING - फीमेल -2 सैलरी - 8000 तक 3. फील्ड वर्क - मेल - 3, सैलरी - 15000+ 3RS/की. मी. पेट्रोल खर्च सुबह 10 से शाम 07 सोमवार अवकाश **संपर्क - 7000836094.** (आरे -350)

ऑपरेटर/सेल्समैन

आवश्यकता है- सत्यम बेकरी दुर्ग भिलाई में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समेन व एकाउंटेंड की आवश्यकता है। **संपर्क करें - 7000198701.**(आरे -1605)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- (1) ड्राइवरः रायपुर ऑफिस हेतु बोलेरो पिकअप, टाटा एस माल वाहक वाहन चलाने में दक्ष / अनुभवी ड्राइवर। (2) ऑफिस बॉयः रायपुर ऑफिस दैनिक कार्यालयीन कार्यों हेतु। (3)सिक्योरिटी गार्डः रायपुर ऑफिस / कुम्हारी स्थित प्रेस हेतु। भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता। **नवबोध प्रकाशन 7, समता कॉलोनी,भीमसेन भवन के पास, रायपुर 07714200932.** (आरे-356)

ड्रायवर/गार्ड/आया

आवश्यकता है- वेदा इंटरनेशनल स्कूल, सुन्दर नगर, रायपुर शीघ्र आवश्यकता- बस चालक/मैजिक चालक- 05 पद, सुरक्षागार्ड- 02 पद, महिला परिचालक/आया मदर -5-5 पद, (नोट- अनुभवी को प्राथमिकता) **संपर्क करे- मो. नं. 7805015500, 7389358588.** (आरे-ghosh)

आवश्यकता है- संतोषी नगर रायपुर ,स्कूल हेतु आवश्यकता हैः ड्राइवरः ₹500 प्रति दिन आया बाईः ₹300 और ₹250 प्रति दिन इलेक्ट्रीशियन, फुल टाइम सिक्योरिटी गार्ड आवेदन हेतु तुरंत **संपर्क करें या व्हाट्सएप करें:- 9329621221, 9425214413, 7828253335.**(आरे-390)

हरिभूमि

सिक्योरिटीगार्ड

Urgent Requirement – त्वरित आवश्यकता लोकेशनः उरला, रायपुर (छत्तीसगढ़) Post- 40 Salary: 22000 (CTC) 18500 (in hand) PF & ESIC फैसिलिटी- रहने की निःशुल्क व्यवस्था लोकेशनः मॉल (Mall), रायपुर सिटी Salary: 18500 (CTC) 16000 (in hand) PF & ESIC योग्यताः हाइट- 5.5" वजन 55kg दसवीं पास **पताः मध्य भारत सिक्योरिटी सर्विस, सोनकर बाड़ी के पीछे, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) मो.- 9244767619, 9244767686, 6267596471.** (आरे-35)

कुक

आवश्यकता है-साउथ इंडियन (केरल) परिवार हेतु घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला चाहिए। आयु 30–55 वर्ष। कार्य समयः सुबह 8 से शाम 6 बजे तक। वेतनः ₹10,000 प्रतिमाह। **स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। संपर्कः 9826708233.** (आरे-0102)



सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग हेतु महिलाओ की, माल छोड़ने लड़कों की, घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क करें:- **गोपी डेयरी धमतरी 9893115061.** (आरे-A)

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य। वेतन ₹15,000 मासिक। कार्य समयः सुबह 9 से रात 9 बजे। **संपर्कः 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)। मो.- 9826708233.** (आरे-0101)

आवश्यकता है- कार चलने के लिए अनुभव ड्राइवर की आवश्यकता है। कम से कम 5-१० साल का अनुभव होना चाहिए । ड्यूटी टाइम सुबह 8:30 to 7:30 तक स्थान ए 204 मेट्रो हाइट **तेलीबांधा , रायपुर सम्पर्क करे:9755777774.** (आरे-107)

आवश्यकता है- स्कूल वैन, बस एवं कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतनः अनुभव एवं योग्यता के अनुसार। **सी.पी.एस. (CPS), टाटीबंध, रायपुर इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें: 9752148000.** (आरे-Delta)

ऑपरेटर/मैनेजर

आवश्यकता है- स्नाइडर इलेक्ट्रीक मल्टीनेशनल कम्पनी के चैनल पार्टनर को एकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स मैनेजर (Electrical Switchgear product) के लिए आवश्यकता है **स्वयं का वाहन। बायोडाटा पर 9303023570 भेजे।**(आरे-42280)

Finance फायनेंस

फाइनेंस – विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) **संपर्क - 9981421206, 9438611245.** (आरे-109)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152
विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व व्यक्तिगत से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में दिए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



डब्ल्यूटीए फाइनल्स

कड़े मुकाबले में जेसिका ने लिंडा को हराया, टूर्नामेंट से बाहर गॉफ



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

जेसिका पेगुला ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा। पेगुला ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 ऐस लगाए और एक मैच प्वाइंट बचाते हुए अंतिम तीन गेम जीतकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के राउंड-रॉबिन ग्रुप में लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (2), 4-6, 7-5 से हराया। पेगुला की जीत ने उनकी पूर्व युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले गॉफ ने वापसी करते हुए अंतिम छह गेम जीतकर मार्ता कोस्त्युक को 6-4, 7-5 से हराया था, जो इस साल उनका आखिरी मैच साबित हुआ।

कोको को टूर्नामेंट से लेनी पड़ी विदाई



कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। अपने अंतिम ग्रुप मैच में मार्टा कोस्त्युक को हराने के बावजूद, हमवतन जेसिका पेगुला की जीत के कारण गॉफ को ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से विदाई लेनी पड़ी। थ्री-वे टाई (तीन खिलाड़ियों के बीच बराबरी)। ग्रुप-1 में कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और लिंडा नोस्कोवा तीनों ने 2-1 के समान जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ समापन किया।

नेशंस लीग : क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, हैरी केन ने किया 92वां गोल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया।



केन ने अपना 126वां मैच को बनाया यादगार

मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डी'ओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डी'ओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

हेनरी ने झटके 6 विकेट, सीरीज में 2-1 से आगे भारत

न्यूजीलैंड की वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

यंग ने खेली 125 रन की पारी

यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला, जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर 3 विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया।



भारत ने खाता खोले बिना गंवाए तीन विकेट

नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही, जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था।

यंग और सीफर्ट ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिए। लेकिन अन्य दो स्पिनरों कुलदीप यादव (8 ओवर में 73 रन) और नमन धीर (4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) ने जमकर रन लुटाए।

खबर संक्षेप



आईजीपीएल के चैंपियन बने गगनजीत भुल्लर

हैदराबाद। अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने एक बार फिर अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए शुक्रवार को फीनिक्स इनविटेशनल हैदराबाद में प्लेऑफ मुकाबले में युवा खिलाड़ी राघव चुग को हराकर अपना सातवां इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) खिताब जीत लिया। यह इस सत्र में भुल्लर की चौथी जीत और लगातार दूसरा प्लेऑफ खिताब है। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह वूटी गोल्फ काउंटी में भी प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया था। भुल्लर ने विमट्रा चेन्नई लायंस गोल्फ क्लब के 16वें और 17वें होल पर लगातार बर्डी लगाकर अपना स्कोर 14-अंडर तक पहुंचा दिया।

17 खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025 प्रदान किए। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलों के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2024 भी प्रदान किए। अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चयनित 17 खिलाड़ियों में एथलेटिक्स से तेजस्विन शंकर, हॉकी से लालरेमसियामी, मोहम्मद अजमल वी और प्रियंका गोस्वामी शामिल हैं। बैडमिंटन से ट्रीसा जॉली और पीवीएल गायत्री गोपीचंद, मुक्केबाजी से नरेंद्र, शतरंज से विदित संतोष गुजराथी और दिव्या जितेंद्र देशमुख को यह सम्मान दिया गया। इसके अलावा डेफ शूटिंग से धनुष श्रीकांत, राजकुमार पाल, कबड्डी से सुरजीत और पूजा, पैरा शूटिंग से रुद्रांश खंडेलवाल, पैरा एथलेटिक्स से एकता भ्यान, रोइंग से अरविंद सिंह और निशानेबाजी से अखिल श्योराण को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। भारतीय फुटबॉल के अनुभवी खिलाड़ी आई. अरुमाइनायगम को खेलों में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से सम्मानित किया गया।

पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार

खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करने और खेल प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नियमित श्रेणी में एथलेटिक्स के लिए परवीर सिंह, मुक्केबाजी के लिए छोटे लाल यादव और निशानेबाजी के लिए नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं लाइफटाइम श्रेणी में मुक्केबाजी के प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव और कुश्ती के प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया।

कुमामोतो मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य, बाहर हुए श्रीकांत

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।



श्रीकांत निरंतरता बनाए रखने में नाकाम

श्रीकांत एक बार फिर अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे। पहले गेम में उन्होंने अपने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन दूसरे गेम में वह अच्छी बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और जापान के कोकी वातानाबे से 22-24, 15-21 से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कोडाई नाराओका को हराया था लेकिन वातानाबे के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाए। श्रीकांत ने पहला गेम करीबी अंतर से गंवाने के बाद दूसरे गेम में 12-5 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने कई गलतियां की, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। वातानाबे ने अंतिम 19 में से 16 अंक जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

डेब्यू में बियर्डमैन ने झटके 6 विकेट

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दी 7 विकेट से मात

एजेंसी ▶▶| पर्थ

युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने वनडे पदार्पण मैच में 6 विकेट लेकर इतिहास रचा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से शिकस्त दी। बियर्डमैन ने 24 रन देकर 6 विकेट झटके और वनडे पदार्पण पर ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज बन गए। उनकी शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 159 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत दर्ज की।



इंग्लैंड की पूरी टीम 131 रन पर सिमटी

इक्कीस वर्षीय बियर्डमैन ने अपने आठवें गेंद पर पहला वनडे विकेट हासिल किया और इसके बाद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाजों को एक के बाद एक पवेलियन भेजते रहे। उन्हें स्पेंसर जॉनसन (तीन विकेट) और जेवियर बार्टलेट (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जिससे इंग्लैंड की पूरी टीम 34 ओवर से पहले ही महज 131 रन पर सिमट गई।

सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में सूरज चंद

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी सूरज चंद ने दूसरे दौर में बेंजामिन रैटक्लिफ को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर क्लासिक के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-4, 11-4 से हराया।

GVK EMRI GREEN HEALTH SERVICES

Applications are invited for candidates with qualification Bachelor of Emergency Medical Technologist (B.EMT)

Applications are invited for candidates who have Bachelor of Emergency Medical Technologist (B. EMT) qualification as stipulated by National Commission for Allied and Healthcare Profession (NCAHP) act 2021, to serve EMRI Green Health Services (www.emri.in), a pioneer in Emergency Medical Services in India. Candidates should also carry a registration with Allied Healthcare council. Candidates should be willing to serve in across EMRI Green Health Services operating states.

Currently EMRI Green Health Services is operating More then 10,000 emergency ambulances under National Ambulance Services (NAS) under NHM in 14 states/UTs. As per the Hon' Supreme Court Directives, EMRI Green Health Services is keen to recruit candidates who are qualified as per NCAHP notified Bachelor of EMT curriculum.

EMRI GREEN HEALTH SERVICES
3rd Floor, L.K. Corporate & Logistics Tower,
New Dhamtari Road, Dumartarai, Raipur, Chhattisgarh 492015,
Tel: + 91 9427573519 & 9425580722

विश्व चैंपियनशिप टूर: अर्जुन ने बिबिसारा को दी मात

शुरुआती झटके से उबरे एरिगैसी, वापसी कर की बराबरी

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता में कम रेटिंग वाली बिबिसारा असाउबायेवा से पहली बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी में कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी को हराकर शानदार वापसी की।

प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली की भाई बहन की जोड़ी के लिए शुक्रवार निराशाजनक रहा क्योंकि उन्हें अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा, जहां फैबियानो कारुआना से हार गए, वहीं वैशाली को हैंस नीमन ने हराया।



कार्लसन को जीत का इंतजार

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को फास्ट क्लासिकल में पहली जीत का इंतजार है क्योंकि ग्रुप सी में किशोर ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने उन्हें दोनों मैच में ड्रॉ पर रोक दिया। कार्लसन ने अब तक अपने सभी चार फास्ट क्लासिकल मैच ड्रॉ किए हैं और उनके चार अंक हैं, जबकि मिश्रा के तीन अंक हैं।

कारुआना की आसान जीत

वैशाली एक ड्रॉ और तीन हार के साथ ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है। प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में कारुआना से अपने दोनों मैच हार गए। कारुआना ने सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञाननंदा के रक्षण में सेंध लगाने के लिए एक मोहरा कुर्बान किया और आसानी से जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए भी जीत दर्ज की। प्रज्ञाननंदा के अब केवल दो अंक है और वह ग्रुप में सबसे अंतिम स्थान पर हैं जबकि दो जीत से कारुआना के 10 अंक हो गए हैं, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर काबिज लिएम ले से दो अंक अधिक हैं।

मंथ की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं दीप्ति

नई दिल्ली। भारतीय महिला हरफनमौला दीप्ति शर्मा को अक्टूबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाली दीप्ति ने दूसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया।

pnb Housing Finance Limited
Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-A - अचल संपत्ति/संपत्तियों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी-बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।

पंजीकृत कार्यालय: नौवीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन: 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट: www.pnbhousing.com

शा.का.भिलाई: शॉप नं. 27, ग्राउंड फ्लोर, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व, बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में, भिलाई-490020, जिला दुर्ग - छत्तीसगढ़- 490020

आम जनता को, और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है और जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) मेसर्स - पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार "जैसा है, जहां है, जो है और जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर बेचा जाएगा। ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले/उनके कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, और संबंधित ऋण लेने वाले/गिरवी रखने वाले (मृतक) के उत्तराधिकारियों को, जैसा कि सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है (दिनांक के अनुसार संशोधित), एतद्द्वारा सूचित किया जाता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋणधारक, जमानतदार /वैध उत्तराधिकारी ऋण संख्या के नाम (ए)	मांगी गई राशि और दिनांक (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रवृद्धि की अंतिम तिथि (सी)	बोली वृद्धि दर (एफ)	निरीक्षण की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	[illegible]
एचओयू/आरबीएचआई/0225/5146177, सोनी ध्रुव, शा.का.: रोशनी_भिलाई	रु. 10,05,435 व एवं 14-अक्टू.-25	भौतिक कब्जा	274/1 प.ह.नं.52, उवई, उवई, उवई, पाटन, पाटन दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत 491107	रु. 5,75,000	रु. 57,500	28/11/2026	रु. 10,000	23-11-2026 सोमवार 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे के बीच में	30-11-2026 सोमवार 2:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

*लागू होने पर 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित, भुगतान और/या प्राप्ति की तिथि तक हुए आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, कॉलम संख्या-के में उल्लिखित जानकारी के अलावा, उपर्युक्त अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है। ऐसे अन्य भारों का भुगतान सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लिखित भारों की सत्यता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करें। (1.) आज की तारीख तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री, हस्तांतरण और/या निपटान से रोकने वाला कोई आदेश या न्यायालय का निषेधाज्ञा नहीं है, और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लिखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष कॉलम संख्या-के में उल्लिखित कार्यवाही/आदेश आदि में उल्लिखित दलीलों का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर सकते हैं, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व दस्तावेजों का स्वामित्व भी शामिल है, और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं को संतुष्ट कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली पत्र के साथ इस नीलामी के नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीददार विक्रय मूल्य की राशि का 25 प्रतिशत (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) सहित) जमा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि खरीददार द्वारा बयाना राशि की स्वीकृति की तिथि से 15 दिनों के भीतर या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करनी होगी। बिक्री की पुष्टि केवल बोलीदाता/बोलीदाताओं के पक्ष में बिक्री की पुष्टि तभी की जा सकती है जब बिक्री पुष्टिकरण पत्र के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत प्राप्त हो जाए। ऐसी जमा राशि का भुगतान न करने की स्थिति में, अधिकृत अधिकारी बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति तिथि से 15 दिनों के भीतर बिक्री राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लेगा और संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पुनर्विक्रय किया जाएगा। (4.) मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अधिकृत अधिकारी को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री आयोजित करने में सहायता करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में स्थित है। वेबसाइट-www.bankeauctions.com। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको विवेक लोढ़ा से संपर्क करना होगा। टोल फ्री नंबर-1800 120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com, PNBHFL का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।

स्थान: भिलाई दिनांक:- 14-11-2026 सही /- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



करोड़ों रुपए खर्च करके बनाए शानदार घर, आज तक नहीं आया कोई रहने

लंदन। क्या आपने कभी ऐसी कॉलोनी देखी है, जहां घर तो बने हों, सड़कें भी तैयार हों, लेकिन वहां रहने वाला एक भी इंसान न हो? जहां घरों में ताले लटके हों और आसपास पूरी तरह सन्नाटा पसरा हो। सुनने में यह किसी डरावनी फिल्म की कहानी लग सकती है, लेकिन ब्रिटेन में ऐसी ही एक जगह मौजूद है। यहां एक-दो नहीं, बल्कि कई घर वर्षों से खाली पड़े हैं। हैरानी की बात यह है कि इन घरों को बनाने में करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन आज तक इनमें कोई परिवार रहने नहीं आया। अब इस पूरी जगह को बेचने की तैयारी है।

कैलस्टॉक गांव का है मामला

दरअसल, यह मामला यूनाइटेड किंगडम के कॉर्नवॉल इलाके के कैलस्टॉक गांव का है। यहां ब्रिज व्यू नर्सरी नाम से एक हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। इसके तहत कुल 33 घर बनाए जाने थे। साल 2018 में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी। इसका मकसद स्थानीय लोगों के लिए घर बनाना था। खास बात यह थी कि शुरुआती योजना में 15 घर ऐसे रखे गए थे, जिन्हें कम कीमत पर आम लोगों को उपलब्ध कराया जाना था।

इतने रुपए हो गए खर्च

इस प्रोजेक्ट की शुरुआत जितनी अच्छी दिख रही थी, आगे चलकर हालात उतने ही खराब होते चले गए। निर्माण के दौरान डेवलपर्स और स्थानीय प्रशासन के बीच कई तरह के विवाद और मंजूरी से जुड़ी परेशानियां सामने आईं। डेवलपर्स का कहना था कि कॉर्नवॉल काउंसिल से जरूरी मंजूरी मिलने में हुई देरी के कारण उनका खर्च लगातार बढ़ता गया। उनका दावा था कि इस दौरान ब्याज के रूप में करीब 12 लाख पाउंड यानी लगभग 14 करोड़ रुपए खर्च हो गए।

अब बिकने जा रही है पूरी कॉलोनी



करीब सात साल से वीरान पड़े इस प्रोजेक्ट को लेकर अब एक नई खबर सामने आई है। नवंबर 2026 में इस पूरी जमीन को बिक्री के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इसमें पहले से बने मकान, अधूरा निर्माण और दूसरी सुविधाएं शामिल हैं। हालांकि, इसे खरीदने वाले को बाकी निर्माण और जरूरी काम भी पूरे करने होंगे। इस तरह एक बेहतर रिहायशी इलाके का सपना अब अधूरे मकानों और खाली सड़कों तक सिमटकर रह गया है।

7 साल से खाली पड़े हैं घर

साल 2019 में यहां निर्माण का काम रोक दिया गया। उस समय तक 33 में से सिर्फ 10 घर ही बन पाए थे। इनमें से भी आठ घर लगभग तैयार थे, लेकिन फर्श, कुछ जरूरी फिटिंग और दूसरी फिनिशिंग का काम बाकी था। एक अन्य मकान का निर्माण भी शुरू हुआ था, लेकिन वह भी अधूरा रह गया। आज तक इन घरों में कोई परिवार नहीं रह पाया है। कई मकानों पर ताले और बोर्ड लगे हुए हैं।

प्रोजेक्ट को बढ़ाना हुआ मुश्किल

डेवलपर्स के मुताबिक अकेले रिटेनिंग वॉल पर करीब 7.5 लाख पाउंड यानी लगभग 9 करोड़ रुपए का खर्च आने वाला था। लगातार बढ़ते खर्च और दूसरी परेशानियों के कारण प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना मुश्किल हो गया।

सूरज जितनी ऊर्जा पूरी जिंदगी में बनाता, उतनी 4 मिनट के भीतर दो महाविस्फोटों में बाहर निकली!

वॉशिंगटन। अंतरिक्ष में पहली बार एक ऐसी घटना देखी गई है जिसने विज्ञान जगत को चकित कर दिया है। नासा के स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी ने सिर्फ चार मिनट के अंतर पर दो अलग-अलग तरह के गामा-रे बर्स्ट (जीआरबी) विस्फोट देखे हैं। जीआरबी 160425ए नाम के इस दोहरे धमाके ने सूरज की पूरी उम्र से ज्यादा ऊर्जा कुछ ही पलों में ब्रह्मांड में झोंक दी। वैज्ञानिक अब तक इसके वास्तविक कारण को पूरी तरह सुलझा नहीं पाए हैं। ब्रह्मांड के सुदूर कोने से आए एक रहस्यमय संदेश ने दुनिया भर के खगोलविदों की नींद उड़ा दी है। अंतरिक्ष में बिग बैंग के बाद होने वाले सबसे शक्तिशाली विस्फोटों को गामा-रे बर्स्ट यानी जीआरबी कहा जाता है। ये विस्फोट इतने ज्यादा विनाशकारी होते हैं कि पलक झपकते ही किसी भी ग्रह को भस्म कर सकते हैं। पहली बार ऐसा हुआ है जब दो बिल्कुल अलग प्रकृति के गामा-रे बर्स्ट केवल चार मिनट के अंतराल पर एक ही जगह से निकलते देखे गए। दूसरे धमाके में जितनी ऊर्जा निकली, उतनी तो हमारा सूर्य पूरी जिंदगी में नहीं बना पाएगा। वैज्ञानिकों ने इस ऐतिहासिक घटना को 'जीआरबी 160425ए' नाम दिया है। इस अनोखी परिघटना से जुड़ी विस्तृत रिसर्च प्रतिष्ठित साइंस जर्नल 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में पब्लिश हुई है। इस खोज ने अंतरिक्ष विज्ञान के दशकों पुराने वर्गीकरण और स्थापित नियमों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ब्रह्मांड में गामा-रे बर्स्ट का जन्म कैसे होता है और ये कितने प्रकार के होते हैं?

गामा-रे बर्स्ट असल में अंतरिक्ष में होने वाले सबसे प्रचंड और चमकदार रेडिएशन के विस्फोट माने जाते हैं। जब कोई विशालकाय तारा अपनी उम्र पूरी करके ढह जाता है, तब इस तरह के महाविस्फोट जन्म लेते हैं। अब तक खगोल विज्ञान में जीआरबी को दो मुख्य श्रेणियों में बांटा जाता रहा है। पहली श्रेणी को 'शॉर्ट-ड्यूरेशन जीआरबी' कहा जाता है। ये विस्फोट दो सेकंड से भी कम समय के लिए रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तरह के छोटे विस्फोट न्यूट्रॉन तारों या ब्लैक होल की आपसी भीषण टक्कर से पैदा होते हैं। दूसरी श्रेणी 'लॉन्ग-ड्यूरेशन जीआरबी' की होती है। ये विस्फोट दो सेकंड से लेकर कई मिनटों तक चलते हैं। आमतौर पर यह घटना सुपरनोवा के दौरान होती है, जब सूरज से दर्जनों गुना बड़ा कोई भारी तारा ढहकर खत्म होता है।



5.5 अरब साल का सफर तय करके पृथ्वी तक कैसे पहुंचा यह दोहरा धमाका?

नासा की अंतरिक्ष में तैनात 'नील गेहर्ल्स स्विफ्ट ऑब्जर्वेटरी' ने इस असाधारण घटना को अपने सेंसर्स में कैद किया था। पृथ्वी का वायुमंडल गामा किरणों को रोक लेता है, इसलिए इन्हें केवल अंतरिक्ष में मौजूद टेलीस्कोप ही पकड़ सकते हैं। यह विस्फोट जिस होस्ट गैलेक्सी में हुआ, वह दो आपस में विलीन हो रही आकाशगंगाओं का समूह लगती है। वह गैलेक्सी पृथ्वी से इतनी दूर है कि उसके प्रकाश को हमारे तक पहुंचने में करीब 5.5 अरब साल का लंबा वक्त लग गया। इसका मतलब यह है कि यह महाविस्फोट हमारे सौरमंडल और पृथ्वी के जन्म से भी लगभग एक अरब साल पहले हुआ था। इस विस्फोट से निकली हाई-एनर्जी किरणें ब्रह्मांड के एक-तिहाई इतिहास का सफर तय करके हमारे उपकरणों तक पहुंची हैं।

चार मिनट के भीतर रिकॉर्ड किए गए दोनों धमाकों में क्या अंतर था?

इस घटना में वैज्ञानिकों को सबसे ज्यादा जिस बात ने हैरान किया, वह दोनों विस्फोटों का अनोखा स्वभाव था। पहला विस्फोट, जिसे वैज्ञानिकों ने 'जी1' नाम दिया, केवल 1.7 सेकंड तक चला। इसकी ऊर्जा और अवधि साफ तौर पर दो तारों के टकराने वाले शॉर्ट-बर्स्ट से मेल खाती थी। इसके ठीक चार मिनट बाद दूसरा विशाल धमाका हुआ, जिसे 'जी2' नाम दिया गया।

दुनिया का इकलौता देश, खुद के लिए उगाता है हर चीज

बाहर से कुछ नहीं मंगाता, दिखता है दुबई जैसा

जॉर्जटाउन। दुनिया में एक देश ऐसा भी जहां रेल सेवा नहीं है, जिसके 60 फीसदी हिस्से में घने जंगल हैं, लेकिन यह देश इतना अनाज-भोजन खुद उगाता है, जो इसकी पूरी आबादी के लिए पर्याप्त है। यह देश बाहर से कुछ नहीं मंगाता। इस देश में दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल ड्रॉप वॉटरफॉल है। 251 मीटर ऊंचा झरना यहीं पर है। दुनिया के महान क्रिकेटर इसी देश में पैदा हुए हैं। भारत से भी इस देश का गहरा नाता है।

हम बात कर रहे हैं दक्षिण अमेरिका के देश गुयाना की जिसकी कुल आबादी 8 लाख है। इसमें भारतीय मूल के लोग करीब साढ़े तीन लाख हैं। इसका क्षेत्रफल भारत के गुजरात राज्य के बराबर है पर आबादी बहुत कम है। यह देश खाद्यान्न के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर है।

नेचर फूड मैगजीन में प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक, 186 देशों में से गुयाना इकलौता ऐसा देश है जो



अपने घरेलू उत्पादन से ही अपनी आबादी का पेट भर सकता है। खानपान की 7 श्रेणियों का खाद्यान्न गुयाना में होता है। ये खाद्यान्न श्रेणियां फल, सब्जियां, डेयरी, मछली, मांस, फलियां, मेवे, बीज और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थ हैं। इन सबका उत्पादन गुयाना में वहां की आबादी के लिए पर्याप्त रूप से होता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका, चीन, रूस और भारत जैसे बड़े कृषि प्रधान देश भी इन सातों श्रेणियों में आत्मनिर्भर नहीं हैं। अमेरिका केवल 4 श्रेणियों में, जबकि ब्रिटेन केवल 2 श्रेणियों में आत्मनिर्भर है।

गुयाना में गोल्ड का अकूत भंडार

गुयाना देश में क्रिकेट ही सबकुछ है। यहां के लोगों की आय का मुख्य स्रोत खेती है। यहां पर गन्ने की खेती सबसे ज्यादा होती है। यहां के लोग खेती करने में बहुत आगे हैं। यहां पर हनुमान मंदिर, हिंदू-रीति-रिवाज, त्योहार, छठ-दिवाली, दाल-रोटी सबकुछ देखने को मिल जाएगा. यहां पर गोल्ड का अकूत भंडार है। यहां के समुद्री तट, नाइट लाइफ आपको दीवाना बना लेगी. इस देश का ऑफिशियल नाम रिपब्लिक ऑफ गुयाना है। इस देश की 70 फीसदी आबादी गांव में रहती है। यहां की आधिकारिक भाषा अंग्रेजी है।





हजारों किमी उड़कर भी पक्षी कैसे नहीं भूलते अपना घोंसला

नई दिल्ली। प्रकृति ने इस धरती पर कई ऐसे अनूठे जीव और रहस्य बनाए हैं, जिन्हें देखकर आज भी इंसान दांतों तले उंगली दबा लेता है। इनमें से एक सबसे बड़ा आश्चर्य प्रवासी पक्षियों का सफर है। ये पक्षी हजारों किलोमीटर की लंबी उड़ान भरकर एक देश से दूसरे देश पहुंचते हैं, सर्दियों में गर्म इलाकों में आते हैं और मौसम बदलते ही वापस अपने पुराने घोंसले में लौट आते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि महीनों भटकने और आसमान की असीम ऊंचाइयों में उड़ने के बाद भी ये पक्षी कभी अपना रास्ता नहीं भूलते और ठीक उसी पेड़ की, उसी डाली के उसी



पुराने घोंसले पर आकर बैठ जाते हैं। मटर के दाने जितने छोटे दिमाग वाले इन पक्षियों के पास कोई जीपीएस या एडवांस मैप नहीं होता, फिर यह चमत्कार कैसे मुमकिन हो पाता है? सालों तक वैज्ञानिक इस बात से हैरान थे, लेकिन हाल के वर्षों में क्वांटम फिजिक्स और नैनोटेक्नोलॉजी के विकास ने इस गुत्थी को सुलझा लिया है।

यह चमत्कार कैसे मुमकिन?

वैज्ञानिक रिसर्च के मुताबिक, पक्षियों की आंखों में एक खास तरह का प्रोटीन पाया जाता है, जिसे 'क्रोमो प्रोटीन' कहा जाता है। 'क्रोमो' शब्द का संबंध रंगों से होता है। जब सूरज की रोशनी इन पक्षियों पर पड़ती है, तो उसमें मौजूद स्पेक्ट्रम (विबग्योर) की ब्लू (नीली) साइड वाली वेवलेंथ इस क्रोमो प्रोटीन पर स्ट्राइक करती है। इसके प्रभाव से प्रोटीन के अंदर मौजूद इलेक्ट्रॉन्स में वाइब्रेशन और शिफ्टिंग होती है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसके बावजूद दोनों इलेक्ट्रॉन्स आपस में क्वांटम एंटेंगलमेंट की स्थिति में जुड़े रहते हैं।

दुनिया का रहस्यमयी गांव ! जहां बिना कपड़ों के रहते हैं लोग

लंदन। दुनिया में कई जगहों की परंपराएं और रहन-सहन लोगों को हैरान करते हैं। आमतौर पर घर से बाहर जाते समय कपड़े पहनना जरूरी माना जाता है, लेकिन क्या आपको पता है ब्रिटेन में एक ऐसी जगह भी है, जहां लोग बिना कपड़ों के रहते हैं? यहां पर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक एक अनोखी जीवनशैली अपनाते हैं। हैरानी करने वाली बात यह है कि इस अनोखी परंपरा का इतिहास करीब 90 साल पुराना है। यह जगह ब्रिटेन के हर्टफोर्डशायर में स्थित है, जिसका नाम स्पीलप्लाट्ज है। यह कोई सामान्य गांव नहीं है, बल्कि यह प्रकृतिवादी जीवनशैली अपनाने वाले लोगों का गांव है। यहां पर रहने वाले लोग शरीर को प्राकृतिक रूप में स्वीकार करने की सोच रखते हैं और बिना कपड़ों के रहना अपनी जीवनशैली का हिस्सा मानते हैं।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com